कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 323, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 19 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पूर्वोत्तर परिषद ने अष्टलक्ष्मी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई: मोदी

# 'पूर्वोत्तर सुरक्षा और समृद्धि के द्वार'

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर परिषद ने अष्टलक्ष्मी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी सिक्किम समेत पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को अष्टलक्ष्मी के नाम से पुकारते हैं। प्रधानमंत्री रविवार सुबह करीब 9.30 बजे विशेष विमान से गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई हवाई अड्डे पर उतरे। वह गुवाहाटी से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से सुबह 10.20 बजे शिलांग पहुंचे। उन्होंने यहां एनईसी के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के सामाजिक-आर्थिक और समग्र विकास में पूर्वोत्तर परिषद के योगदान से कोई इनकार नहीं कर सकता। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 2,450 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में दूरसंचार कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 4जी मोबाइल टॉवर राष्ट्र को समर्पित किए। प्रधानमंत्री ने उम्सावली स्थित आईआईएम शिलांग के नए परिसर, शिलांग-डेंगपासोह रोड का उद्घाटन किया। शिलांग-डेंगपासोह सड़क नए शिलांग उपनगरीय टाउनशिप और आबादी वाले शिलांग को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने में मदद करेगी। उन्होंने मेघालय, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश जैसे तीन राज्यों में चार अन्य सड़कों का भी वर्चुअली उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने मेघालय के मशरूम विकास केंद्र में मशरूम उत्पादन बढ़ाने के लिए स्पॉन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने मेघालय में एकीकृत बी-कीपिंग विकास केंद्र का भी उद्घाटन किया ताकि क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से पशुपालन करने वाले किसानों की आजीविका में सुधार किया जा सके। प्रधानमंत्री ने मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और असम में 21 हिंदी पुस्तकालयों का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में छह सड़कों की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने तुरा और शिलांग प्रौद्योगिकी पार्क में दूसरे चरण के एकीकृत आतिथ्य और सम्मेलन केंद्र की आधारशिला रखी। दूसरे चरण में बनने वाला टेक्नोलॉजी पार्क एरिया करीब डेढ़ लाख वर्गफुट होगा। इससे पेशेवरों के लिए नए अवसर उपलब्ध होने और 3,000 से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इंटीग्रेटेड हॉस्पिटैलिटी एंड कन्वेंशन सेंटर में कॉन्फ्रेंस सेंटर, गेस्ट हाउस, फूड कोर्ट आदि होंगे। यह क्षेत्र में पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा।



## 'पूर्वोत्तर में विकास के गलियारे बना रहे'

**पीएम** ने कहा कि पहले पूर्वोत्तर को विभाजित करने का प्रयास किया गया था। हम इन विभाजनों को दूर कर रहे हैं। हम विवादों की सीमा नहीं बल्कि पूर्वोत्तर में विकास के गलियारे बना रहे हैं। उन्होंने कहा, लंबे समय तक जिन दलों की सरकारें रहीं, उनकी नॉर्थ ईस्ट के लिए डिवाइड सोच थी और हम डिविजन को दूर करने का इरादा लेकर आए हैं। अलग-अलग समुदाय हो या फिर अलग-अलग क्षेत्र, हम हर प्रकार के डिविजन को दूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में उत्तर-पूर्व के विकास से जुड़ी अनेक रुकावटों को हमने रेड कार्ड दिखा दिया है। भ्रष्टाचार, भेदभाव, भाई-भतीजावाद, हिंसा, प्रोजेक्ट्स को लटकाना, भटकाना, वोट बैंक की राजनीति को बाहर करने के लिए हम ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 सालों में कई संगठनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति का रास्ता अपनाया। पूर्वोत्तर में अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम) की जरूरत न रहे, इसके लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर स्थिति में लगातार सुधार किया जा रहा है।

## पूर्वोत्तर के विकास की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर के विकास की राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर किया है। उन्होंने कहा कि आज डंके की चोट पर बॉर्डर पर निर्माण कार्य चल रहा है। मेघालय के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री आज शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां पूर्वोत्तर में दूरसंचार कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने वाले कदम के तौर पर 4जी मोबाइल टावर्स और उमसावली में आईआईएम शिलांग के नए परिसर का उद्घाटन सहित 2450 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन, और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में आवास, सड़क, कृषि, दूरसंचार, आईटी, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। कतर में फीफा विश्व कप फाइनल को लेकर मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास के रास्ते में आने वाली कई बाधाओं को लाल कार्ड दिखाया है।

# भारतीय नौसेना में शामिल हुआ विध्वंसक युद्धपोत मोरमुगाओ

**मुंबई: रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मुंबई में स्वदेश निर्मित पी15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत 'मोरमुगाओ' को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। 'मोरमुगाओ' की जरिए भारतीय नौसेना की हिंद महासागर में पहुंच बढ़ेगी तथा देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और चाकचौबंद होगी। इस कार्यक्रम में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और अन्य गणमान्य व्यक्ति आईएनएस मोरमुगाओ, एक पी15बी स्टील्थ-गाइडेड विध्वंसक मिसाइल के कमीशनिंग समारोह में शामिल हुए।



**नौसेना प्रमुख ने बताया एक और मील का पत्थर:** इस मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के इतिहास में आज का दिन एक और मील का पत्थर है ।

## भारतीय किसान संघ का दिल्ली कूच आज

**नई दिल्ली:** भारतीय किसान संघ की ओर से सोमवार को रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली में 50 से 55 हजार किसान व अन्य लोगों के आने की संभावना है। किसान करीब 700 से 800 बस व 4000 प्राइवेट वाहनों में आएंगे। इस कारण रामलीला मैदान व आसपास के इलाकों में सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक ट्रैफिक बड़े पैमाने पर प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली वालों को रामलीला मैदान की तरफ आने से बचने की सलाह दी है।

# पहला टेस्ट: भारत ने बांग्लादेश को 188 रन से हराया




**चटगांव।** भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच में 188 रन से हरा दिया है। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। चटगांव में खेले गए इस मैच में भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 150 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 258 रन बनाकर घोषित की। बांग्लादेश के सामने 513 रन का लक्ष्य था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 324 रन ही बना सकी। भारतीय टीम ने 188 रन से यह मैच जीत लिया।भारतीय टीम के लिए इस मैच में स्पिनर कुलदीप यादव ने गेंदबाजी से कमाल करते हुए कुल आठ विकेट लिए। साथ ही 40 रन की अहम पारी भी खेली। इसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इस सीरीज का दूसरा एवं आखिरी टेस्ट 22 दिसंबर से ढाका में खेला जाएगा। बांग्लादेश ने आज अंतिम दिन 6 विकेट पर 272 रनों से आगे खेलना शुरू किया था। भारतीय टीम ने शुरूआती घंटे में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जल्द ही बांग्लादेश का सातवां विकेट गिराया। सिराज ने मेहदी हसन मिराज (13) को पवेलियन भेजा। इस दौरान शाकिब अल हसन ने कुछ आक्रामक शॉट्स लगाए और अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन बड़े शॉट के चक्कर में शाकिब भी आउट हो गए। शाकिब को कुलदीप यादव ने आउट किया। इसके बाद बाकी दो विकेट भी जल्द गिर गए और बांग्लादेश की टीम 324 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने 100 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि शाकिब अल हसन ने 84 और नजमुल हुसैन ने 67 रन बनाए। दूसरी पारी में भारत के लिए अक्षर पटेल ने 4, कुलदीप यादव ने 3 और उमेश यादव, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया।

# हमें भगवान ने देश सुधारने के लिए भेजा: केजरीवाल

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में चीनी सामान के बहिष्कार की अपील की। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे बहादुर सैनिक चीन की सीमा पर दुश्मनों का सामना कर रहे हैं और दूसरी तरफ केंद्र सरकार चीन के साथ अपना व्यापार बढ़ाकर उसे इनाम दे रही है। नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी की 11वीं राष्ट्रीय परिषद की बैठक में देशभर से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि चीन के साथ हमारा व्यापार 95 अरब डॉलर का हो गया है। उन्होंने पूछा कि केंद्र सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है

कि चीन के साथ हमारा व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है? आप चीनी सामान के बॉयकॉट की अपील करती है। हम भारत में बना सामान भले ही महंगा हो खरीदेंगे। चीन से आने वाला 90 प्रतिशत माल भारत में निर्मित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 5 से 7 साल में 12.57 लाख लोग देश को छोड़कर गए हैं। इसमें उद्योगपति भी शामिल है।

### शिक्षक ट्रांसफर-पोस्टिंग में न पड़ें अपना काम करें: योगी

# शिक्षा नीति के आधार पर नवाचार तैयार करें: योगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप कोशिश करें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर नवाचार तैयार करें। हमें हमेशा अपने आप को अपडेट रखना होगा। इससे समस्याओं का समाधान भी होगा। आपका सम्मान भी होगा। आप सभी नवनियुक्त युवाओं से मेरा कहना है कि आप नियुक्ति के बाद ट्रांसफर पोस्टिंग के चक्कर मे मत पड़ना। आपको अपनी जिम्मेदारियों निर्वहन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि




आपकी योग्यता ही आपको सम्मान दिलाएगी। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से एक क्रांतिकारी कदम उठाया है,। भारत दुनिया के अंदर शिक्षा के एक बहुत बड़े केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है। आज छात्र पर डिग्री डिप्लोमा लेकर निकलता है तो एक चौराहे पर खड़ा होता है कि क्या करे? उस छात्र को तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षक की ही होती है। आप शासन के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे तो इससे आप के साथ-साथ छात्र और संस्थान दोनों बढ़ेंगे। हमने एक लाख 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की है। शासकीय कॉलेजो में 40 हजार की नियुक्तियां हुई हैं। उच्च शिक्षा की भर्तियां अलग हैं। इस बात से आप प्रेरित होंगे कि ऐसी ही निष्पक्षता अपने कार्यपद्धति में लाना होगा।

# सीएम पद तेजस्वी को दें नीतीश: सुशील

**पटना:** छपरा में जहरीली शराब की वजह से हुई मौतों के बाद राजनीति तेज है। भाजपा फ्रंट पर आकर शराबबंदी को फेल बता रही है। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने छपरा के जहरीली शराब से हो रही मौत को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। सरकार आंकड़े को छुपा रही है। बिना पोस्टमार्टम किए शव को जलाया गया है। पुलिस के डर से लोगों में आतंक का माहौल है। खजूरबानी शराबकांड में 14 परिवार को मुआवजा दिया था, तो सारण के पीड़ितों को क्यों नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में न ही बेड और इलाज हो पाया है। सुशील मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि थाने में जब्त हुई स्पिरिट गायब हो गई। पुलिस ने ही इसकी आपूर्ति



कराई है और प्रशासन ने ही जहरीली शराब की आपूर्ति कराई है। सुशील मोदी ने कहा कि छपरा जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या 100 पार कर चुकी है। यदि सदर अस्पताल छपरा एवं मशरख पीएचसी में डॉक्टर,नर्स, एंबुलेंस, स्ट्रेचर, दवा की व्यवस्था रहती तो दर्जनों लोगों को बचाया जा सकता था। पूरे इलाके में पुलिस ने आतंक, भय का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने बड़ी संख्या में लाशों को बिना पोस्टमार्टम के जलवा दिया। मशरख थाने में जब्त शराब की आपूर्ति जहरीली शराब बनाने वालों को की गई थी।

# यूपी में पांच हजार एकड़ में बनेगी नॉलेज स्मार्ट सिटी

### अमेरिका में टीम योगी ने आस्टिन यूनिवर्सिटी के साथ साइन किया एमओयू

**लखनऊ।** विदेशी निवेश जुटाने के लिए विदेश गई टीम योगी को बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस क्रम में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आस्टिन यूनिवर्सिटी के साथ टीम योगी ने नॉलेज स्मार्ट सिटी के लिए एमओयू साइन किया। यह नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पांच हजार एकड़ की जमीन पर बनाया जाएगा। नॉलेज स्मार्ट सिटी के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है लेकिन इतना जरूर कहा गया है कि इसमें दुनिया की बेस्ट यूनिवर्सिटीज का समावेश होगा। इसके अलावा सिंगापुर में भी निवेश के कई प्रस्ताव और एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। स्टार कंसोर्टियम प्रदेश में डाटा सेंटर व लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करेगा तो एसएलजी कैपिटल डाटा सेंटर बनाएगा। इन निवेश प्रस्तावों व एमओयू से प्रदेश के लोगों को हजारों रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे।




उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी ने 10-12 फरवरी के मध्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 10 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व अधिकारियों की आठ टीमों को 18 देशों में रोड शो व ट्रेड शो के जरिए निवेश आकर्षित करने के लिए भेजा है।

**उच्च शिक्षा की बदलेगी तस्वीर:** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में यूएस बेस्ड सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और अपर मुख्य सचिव (बुनियादी ढांचा व औद्योगिक विकास) अरविंद कुमार की मौजूदगी में एमओयू साइन किया। वहीं आस्टिन यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश में नॉलेज स्मार्ट सिटी के लिए 42 बिलियन डॉलर (करीब 35 हजार करोड़ रुपये) का एमओयू साइन किया गया। यह नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को पांच हजार एकड़ की जमीन पर बनाया जाएगा। आस्टिन यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट अशरफ अली मुस्तफा ने इस एमओयू के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में बेस्ट यूनिवर्सिटीज आएंगी। उम्मीद है कि इस प्रोजेक्ट से भारत और अन्य जगहों पर उच्च शिक्षा की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी।

# सेना ने चीनी सैनिकों को दिया करारा जवाब: रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली:** चीन और पाकिस्तान को परोक्ष रूप से चेतावनी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय सेना विरोधियों की आक्रामक कार्रवाइयों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्रालय का यह बयान ऐसे समय आया है जबकि नौ दिसंबर को अरुणाचल के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सैनिकों ने अतिक्रमण की कोशिश की थी और भारतीय सेना ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जवानों को खदेड़ दिया था। चीन की इस हरकत के बाद से सियासत चरम पर है। विपक्ष इस मुद्दे पर संसद में सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में सरकार ने देशवासियों को इस बयान के जरिये आश्वस्त किया है।

**भारतीय सैनिकों ने करारा जवाब दिया:**



रक्षा मंत्रालय ने साल के अंत में समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि चीन के साथ लगती सीमा पर भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता और मजबूती से चीनी सेना को करारा जवाब दिया। सेना मुख्य रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों की लगातार निगरानी और समीक्षा कर रही है। एलएसी और नियंत्रण रेखा (एलओसी-पाकिस्तान के साथ) पर स्थिरता और प्रभुत्व सुनिश्चित करने के लिए अपनी आपरेशनल तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एलओसी की स्थिति का उल्लेख करते हुए मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल फरवरी से भारतीय और पाकिस्तानी दोनों सेनाओं के बीच संघर्ष विराम की सहमति के बाद स्थिति अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रही है।

**पाकिस्तान अभी भी कर रहा छद्म युद्ध:** मंत्रालय ने कहा कि 2020 में संघर्ष विराम उल्लंघन की 4645 घटनाओं की तुलना में फरवरी 2021 में हुए समझौते के बाद से केवल तीन छोटी घटनाएं हुईं। 2022 में केवल एक घटना हुई। मंत्रालय ने आगे कहा है कि पाकिस्तान अभी भी छद्म युद्ध जारी रखे हुए है और आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों की सक्रियता, लांच पैड्स में आतंकवादियों की मौजूदगी और लगातार घुसपैठ के प्रयास उसकी मंशा दर्शाते हैं।

# 'लव अफेयर-इंटरकास्ट मैरिज की वजह से होती हैं हत्याएं'

**मुंबई: चीफ** जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने देश में ऑनर किलिंग के लिए लव अफेयर और इंटरकास्ट मैरिज को वजह माना है। शनिवार को उन्होंने कहा कि देश में हर साल प्रेम प्रसंग के चलते या दूसरी जाति में शादी करने की वजह से सैकड़ों युवा मार दिए जाते हैं। उन्होंने इस पर शोक भी जताया। जस्टिस चंद्रचूड़ मुंबई में पूर्व अटॉर्नी जनरल अशोक देसाई की 90वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नैतिकता एक ऐसी अवधारणा है, जो हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होती है। सीजेआई ने 1991 के एक आर्टिकल का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे 1991 में उत्तर प्रदेश में एक 15 साल की लड़की को उसके माता-पिता ने मार डाला था। गांव वालों ने उस अपराध को स्वीकार कर लिया क्योंकि उनके मुताबिक लड़की ने समाज के खिलाफ कदम उठाया था। वह समाज जिसे पावरफुल लोगों ने बनाया है और उसका कमजोर तबके को पालन करना पड़ता है। जबकि ये नियम उस तबके के लोगों की परंपराओं के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि दबंग लोग जो तय करते हैं वही नैतिकता मानी जाती है।

कमजोर तबकों को इतना दबाया जाता है कि वे खुद के नियम नहीं बना पाते। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कार्यक्रम के दौरान दोहराया कि कोई भी मामला कोर्ट के लिए बड़ा या छोटा नहीं होता।

## सीतामढ़ी दर्शन करने जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एक ही बाइक से सीतामढ़ी दर्शन करने जा रहे तीन युवकों को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची हंडिया पुलिस ने जांच पड़ताल की। घायल को सीएचसी हंडिया में भर्ती कराया। घटना की खबर से घर में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद कार चालक वाराणसी की तरफ भाग निकला।



फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के भमई हुसामगंज गांव के रहने वाले सुशील कुमार (21), विवेक कुमार (30) और रितेश कुमार (18) एक ही बाइक से भदोही स्थित सीतामढ़ी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। तीनों जैसे ही हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत में कोखराज-हंडिया हाईवे पर चकमदा गांव के सामने पहुंचे पीछे से आ रहे कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।घटना में बाइक सवार विवेक और सुशील कुमार बीच सड़क पर जा गिरे। इसके बाद कार दोनों को रौंदते हुए निकल गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार तीसरा युवक रितेश कुमार सड़क किनारे जा गिरा। इस हादसे में उसे भी गंभीर चोटें आई हैं।पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायल रितेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में घायल रितेश ने पुलिस को बताया कि वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मारी, जिससे हादसा हुआ। कार चालक तेजी से वाराणसी की तरफ भाग निकला। उधर, घटना की खबर पुलिस के माध्यम से परिजनों को हुई तो रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए।

### विकास खण्ड सहसों की बैठक आज

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के सभागार में आज सोमवार 19 दिसम्बर को क्षेत्र पंचायत की विभिन्न विषयों पर आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। जिसमें क्षेत्रीय सांसद, क्षेत्रीय विधायक एवं विधान परिषद सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख सहित विकास खण्ड के सभी ग्राम पंचायतों के क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान तथा जिला पंचायत सदस्य के अलावा कई विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी सहसों मनोज कुमार सिंह ने दिया।

## गैगेस्टर एक्ट के अंतर्गत नैनी की पुलिस ने दो ट्रैक्टर, एक कार तथा एक बाइक वाहनो की जब्तीकरण की कार्यवाही की

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** पुलिस ने अवैध खनन एवम परिवहन करने वाले थाना क्षेत्र मोहब्बतगंज के तीन अभियुक्तो के विरुद्ध दर्ज गैंगेस्टर एक्ट मुकदमे के तहत गलत तरीके से अर्जित रुपये से खरीदे गए वाहनों के जब्तीकरण की कार्यवाही की इस दौरान पुलिस ने दो ट्रैक्टर, एक चार पहिया हौंडई की कार तथा एक मोटरसाइकिल को जब्त किया।

पुलिस आयुक्त रमित शर्मा द्वारा जनपद प्रयागराज के अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराधियो की विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु दिए गये निर्देश पर नैनी प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह गैंगेस्टर एक्ट में पंजीकृत मुकदमे में जिलामजिस्ट्रेट प्रयागराज द्वारा निर्गत कुर्की के आदेश का अनुपालन करते हुए गैंगस्टर के आरोपी रामलाल निषाद पुत्र कंगाली, सुनील निषाद पुत्र राजबहादुर तथा विनय निषाद पुत्र मुन्नूलाल निवासीगण मोहब्बतगंज नैनी द्वारा अवैध तरीके से धन का क्रय करने वाले वाहनों को आज जब्त किया।

### शराब की बोतल देख हुई शंका

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के सड़वा कला गांव निवासी 60 वर्षीय मोहम्मद गुलाब का करीब एक माह पहले निधन हो गया था। उनके पुत्र शूखनूर प्रतिदिन अपने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने जाते थे। प्रतिदिन की तरह ही शूखनूर पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने गए थे। कब्र के पास शराब की बोतल और सिगरेट के पैकेट मिले।यह बात उसने गांव वाले और परिवार वालों को बताई। लोगों ने तंत्र मंत्र से कब्र खोदकर शव को बाहर निकाले जाने की आशंका जताई। इसके बाद बेटे ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कब्र खोदवाने की अपील की। जिलाधिकारी के आदेश के बाद उप जिलाधिकारी और एसीपी करछना की निगरानी में कब्र खोदी गई।

## दूध वाहन की टक्कर से पलटा ट्रैक्टर मां की मौत बेटी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** 0कोरांव थाना अंतर्गत पटना गांव के नजदीक आज सुबह एक दुग्ध वाहन की टक्कर से धान लगा ट्रैक्टर पलट गया जिससे अपने घर के सामने खड़ी महिला की मौत एवं उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार कोरांव की ओर से धान लाद कर मेजा जा रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के चक्कर में तेजी से निकल रहे डीसीएम ट्रक ने ट्रैक्टर में धक्का मार दिया,परिणाम स्वरूप दोनों वाहन सड़क पर पलट गए।ट्रैक्टर की चपेट में आने से अपने घर के सामने खड़ी 55वर्षीय महिला कलावती पत्नी राधेश्याम व उसकी 25वर्षीय पुत्री ललिता गंभीर रूप से घायल हो गई।मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव भेजा गया जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया एवम घायल बेटी को बेहतर इलाज हेतु स्वरूप रानी चिकित्सालय रिफर कर दिया।



मौके पर पहुंचे एसआई वंशनारायण यादव ने डीसीएम ड्राइवर को कस्टडी में लेते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भिजवाया।ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृत महिला के परिजनों को रो रो कर बुरा हाल था।

### बीस लीटर शराब के साथ एक महिला और मार पीट में एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक महिला और मार पीट में एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशम्भरपुर निवासनीय खुशबू पत्नी महेश पासी को मऊआइमा पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।जबकि ग्राम नेवाजी का पूरा कल्याणपुर निवासी राम मूरत तिवारी पुत्र दयाशंकर का आरोप है कि उसके खेत सरसों बोई थी। जिसे गांव के एक दबंग ने पानी भर कर नष्ट कर दिया ।राम मूरत तिवारी ने मऊआइमा थाने में नीरज कुमार पुत्र अध्धा प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

## स्टेट चेस चैंपियनशिप के अव्वल दो छात्रों को बारा विधायक ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** बारा विधायक डा. वाचस्पति ने स्टेट चेस चैंपियनशिप में अव्वल स्थान पाने वाले दो छात्रों को सम्मानित किया। विकास खंड शंकरगढ़ के निराला नगर निवासी प्रशांत शुक्ला पुत्र कृष्ण चंद्र शुक्ला और विजय सिंह पुत्र बृजेश सिंह (निवासी शंकरगढ़) ने कौशांबी में हो रहे यूपी स्टेट चेस चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया और प्रयागराज में 5वां स्थान हासिल किया।



प्रशांत और विजय सिंह की सफलता पर रविवार को बारा विधायक वाचस्पति शंकरगढ़ निवासी कृष्ण चंद्र शुक्ल के आवास पर पहुंचे और प्रतिभाशाली छात्रों को अंगवस्त्र और घड़ी देकर सम्मानित किया। बारा विधायक ने कहा, हमें अपनी विधानसभा के बच्चों पर गर्व है, जो पढ़ने के साथ-साथ खेल में भी क्षेत्र का नाम उत्तर प्रदेश में रोशन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमें भी गर्व होता है कि हमें ऐसे छात्रों का सम्मान करने का मौका मिलता है। विधायक ने कहा आगे जो मदद या सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी, उसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। सावित्री हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विनोद त्रिपाठी ने कहा, ऐसे होनहार छात्रों के ऊपर ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य निर्भर है। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों के गुरु एवं मार्गदर्शक राघवेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया। कहा, मुझे खुशी है कि हमारे समाज के साथ-साथ क्षेत्र में आज भी ऐसे अध्यापक मौजूद हैं, जो कि बच्चों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ उनके अंदर शिक्षा जगत के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता का ज्ञान देते हैं। इस मौके पर डॉ. विनोद त्रिपाठी, कामता प्रसाद शुक्ल, अनोद त्रिपाठी, मुकेश पाठक, राजदेव द्विवेदी, गणेश चंद्र, उमेश शुक्ला, धनंजय पांडेय, हृदय नारायण सिंह उर्फ डॉ नाती आदि लोग उपस्थित रहे।

### शोक व्यक्त कर दी गई पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के मलाका गारापुर स्थित जीडी मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में प्रबंधक डॉ अरविंद कुमार मौर्य की अध्यक्षता में एक शोक श्रद्धांजलि आयोजित की गई। जिसमें पूर्व मंत्री एवं फाफामऊ विधानसभा के पूर्व विधायक विक्रमाजीत मौर्य के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा पूर्व मंत्री सरल व्यक्तित्व की धनी एवं मिलनसार, मृदुभाषी होने के साथ-साथ वे सभी सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोगों के सुख-दुख में सदैव शामिल रहते थे। इस अवसर पर अधिवक्ता विद्यासागर मौर्य, कमला प्रसाद मौर्य, रामसेवक मौर्य, भोला चौरसिया, रामू मौर्य, जय बहादुर पटेल सहित आदि ग्रामीण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सहगल फाउंडेशन द्वारा खाद बीज वितरण में धांधली -किसानो ने लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज सहगल फाउंडेसन द्वारा कृषि ज्योति परियोजना में खाद व बीज वितरण में धांधली का ग्रामीणों ने लगाया आरोपः विकास खण्ड करछना के भरहा गांव में सहगल फाउंडेसन मोजेक के बैनर तले कृषि ज्योति परियोजना के माध्यम से किसानों को खाद,बीज के समय से बोवाई का प्रशिक्षण व वितरण कार्यक्रम 24 नवम्बर को परियोजना प्रतिनिधि मोहित शुक्ला के कर कमलों वितरण किया गया था।जिसे लेकर गांव के किसान व पूर्व प्रधान लाल पुष्पराज सिंह,कृष्णदेव सिंह, सूर्यकांत सिंह,अर्जुन सिंह आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सहगल फाउंडेसन के प्रतिनिधि द्वारा मिलीभगत व धनकमाऊ नीति के तहत कुछ लोगो को जो एक ही परिवार के है उन्हें लाभ पहुँचाया गया है।जिनका नाम रजिस्टर में दर्ज किया गया है।जिसकी उक्त संस्था के जिम्मेदार लोगों से जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

## कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज में 300 बच्चों को बांटा गया प्रमाणपत्र

### प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले बच्चों को मिला पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** सीसीए कार्यक्रम के तहत कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ में वार्षिक प्रतियोगिता का पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में हिंदी कविता, ड्राइंग स्केच, राइटिंग, साइंस एक्सपो, दौड़, लंबी कूद, स्किपिंग, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन, रंगोली, जलेबी दौड़ का आयोजन किया जाता है। उक्त प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ बतौर चीफ गेस्ट वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सुधा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुधा गुप्ता ने कहा, आज के यही बच्चे कोई लता मंगेशकर, तो कोई पीटी ऊषा, तो कोई अब्दुल कलाम आजाद, सचिन तेंदुलकर, कल्पना चावला बनकर अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, जिनका निर्माण जिस तरह से कुम्हार मिट्टी के बर्तनों का करता है. उसी तरह से इनका सर्वांगीण रूप से विकास कर किया जा सकता है। बच्चों के समुचित विकास के लिए बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, संगीत कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं।



उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्राइमरी, जूनियर व सीनियर वर्ग की बालक व बालिकाओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। शनिवार को हुए समारोह में कुल 300 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से संजय मिश्र, अतुल श्रीवास्तव, उज्ज्वल त्रिपाठी, अतुल सिंह, अंजना तिवारी, कनक त्रिपाठी, बिपाशा चंपिया, रश्मि सिंह, रागिनी वर्मा, वंशिका सुसारी, सत्यम द्विवेदी, शिवा सिंह, दीपांशु, आलोक दुबे, राम सिंह, सिद्धार्थ सिंह, हिमांशु सिंह, पीयूष द्विवेदी, जयेश केसरवानी, प्रखर पांडेय, वासु तिवारी, वैश्णवी त्रिपाठी, मानसी सिंह, समीक्षा मिश्रा, शुभी सिंह, अंशिका, मोहम्मद आमिर, ओम राठौर, शिखा सिंह, श्वेता सिंह, रिमी, यस सिंह आदि बच्चे शामिल रहे।इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोमनाथ वर्मा, सुखेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश सोनी, अच्युत त्रिपाठी, बालेंद्र पांडेय, मणिशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, मनोज तिवारी, धर्मराज कुशवाहा, पंकज श्रीवास्तव, पंकज मिश्र, सुधीर नारंग, रीता सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मीरा श्रीवास्तव, नवीन अखिलेश पांडेय, स्मिता राय, मधु, ऊषा सिंह, दीपक केसरवानी मौजूद रहे।

### मां सन्तोषी फिलिंग स्टेशन सोरों का वैदिक मंत्रोच्चारण से भव्य उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** मां संतोषी फिलिंग स्टेशन (इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप टंकी) सोरों प्रतापपुर का उद्घाटन आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सुंदर काण्ड का आयोजन करके रविवार को किया गया। पूर्व प्रधान रस्तीपुर एवं ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, ग्लोबल आईटीआई रस्तीपुर खखैचा के प्रबंधक सतीश पांडेय द्वारा यह पेट्रोल पंप सोरों में खोला



गया है जो कि जंघई बरना मार्ग पर स्थित है। उद्घाटन मुख्य अतिथि बार काउंसिल अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा नगरहा ने किया। सतीश पांडेय ने बताया कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को शत प्रतिशत शुद्ध डीजल पेट्रोल एवं पूरे माप के साथ उपलब्ध करवाना है।आस पास पेट्रोल टंकी न होने के कारण लोगों को असुविधा होती थी पेट्रोल टंकी खुलने से क्षेत्रीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा।इस अवसर पर जमुना प्रसाद पांडेय, चंद्रभूषण तिवारी, शंभूनाथ तिवारी, सुनीलकांत पांडेय, जयकांत पांडेय, एडवोकेट शिवसूरत पांडेय, जग नारायण पांडेय, एडवोकेट प्रेम कुमार पांडेय, राममूरत पांडेय, हरिशंकर दुबे, सभाजीत पांडेय, विजय शंकर तिवारी, संजय दुबे, खिलाड़ी दुबे, ताराचंद यादव, विजयनाथ तिवारी, हौसिंला मिश्रा, शशिभूषण त्रिपाठी, मूलचंद्र मिश्रा, अनूप पाठक, राहुल पाठक, रमाकांत शुक्ला, मुन्ना सिंह, लाली सिंह, अजीत पांडेय, संतोष सिंह, विनय दुबे, बऊ शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, वशिष्ठ नारायण दुबे, रामचंद्र पांडेय, अवध नारायण उपाध्याय, दिनेश सिंह, राजकुमार यादव, आशुतोष तिवारी, प्रशांत मिश्रा, युवराज सिंह, शक्ति सिंह, उमेश पांडेय, बेचू गुप्ता, पूल्लू गुप्ता, मो. हसनैन, सद्दाम, सुनील यादव, शिवप्रसाद यादव, दयाराम पटेल, बंशी शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दो ट्रकों पर पांच लाख की हरिमटर को चालक बेच कर भाग गया

### पुलिस खलासी को लेकर पूछताछ कर रही है, ट्रकों की तलाश में जुटी है

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दो ट्रकों पर हरिमटर जबलपुर से महाराष्ट्र के लिए रवाना हुई परन्तु आज तक न ट्रक का पता चला न ही माल का पुलिस ने एक ट्रक के खलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मध्यप्रदेश के जिला जबलपुर के थाना लाडगंज निवासी श्याम लाल गुप्ता एंड संस ने 16 दिसम्बर को दो ट्रकों पर लगभग पांच लाख की हरिमटर महाराष्ट्र के अमरावती के लिए पांच लाख के लगभग हरिमटर भेजा।

माल और ट्रक न पहुंचने पर श्याम लाल गुप्ता एंड संस के पार्टनर हिमान्शु गुप्ता तलाश में निकल पडे। हिमांशु गुप्ता ने बताया कि एक ट्रक बनारस के पहमियागंज मंडी भेजी गई जबकि एक ट्रक हरिमटर मटर मऊआइमा क्षेत्र के किसी मंडी बेची गयी है। हिमांशु गुप्ता ने बताया कि एक ट्रक के खलासी विजय कुमार ग्राम कुरगांव को वह पकड कर मऊआइमा पुलिस को सौंप दिया है जबकि चालक रमेश कुमार ग्राम कुरगांव सोरांव निवासी फरार है। फिलहाल मऊआइमा पुलिस खलासी विजय कुमार को साथ लेकर दबिश दे रही है। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि अभी तक जांच में मऊआइमा क्षेत्र में हरिमटर बेचने का सबूत नहीं मिल रहा है। फिर भी वह ट्रक और माल चालक के लिए दबिश दे रही है।

### थाना प्रभारी ने नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** जनपद के गंगापार क्षेत्र स्थित थाना प्रभारी उतरांव श्रवण कुमार बलरामपुर बाजार में पुलिस टीम सहित नशा मुक्ति अभियान व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सहयोग हेतु क्षेत्रवासियों के बीच जोरदार पहल किया है। उक्त अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने नशीला पदार्थ सेवन से होने वाले हानि (नुकसान) के विषय में सभी लोगों को विस्तृत जानकारी दी है। तत्पश्चात थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं बाजार निवासियों को नशा मुक्ति एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि नशे के दौरान वाहन को चलाना, मोटरसाइकिल चालक द्वारा हेलमेट का उपयोग ना करना व बड़े वाहन पर यातायात नियमों का पालन नहीं किए जाने पर उस व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने थाना प्रभारी द्वारा दिए गए सुझाव की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

### सबके रूख पे यहां ताजगी आ गई, बज्म में आप आए खुशी आ गई

**आल इंडिया कवि सम्मेलन एंव मुशायरे में कवियों ने शमा बांधा स्वर्गीय डाक्टर फरीदुल इस्लाम एंव अजमल अब्बासी की याद में आयोजित हुआ**

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** वाहिद अंसारी मालेगांव ने अपना कलाम पेश करते हुए पढा पहले तालीम से तुम मोड दिए जाओगे ,हाथ से हाथ की जंजीर बना कर निकलो, वरना धागे की तरह तोड दिए जाओगे

**माजिद देवबंदी ने अपना शेर इस अंदाज में पढे**

**अल्लाह मेरे रिज्क की बरकत न चली जाए,**

**दो दिन से घर में कोई मेहमान नहीं आया**

**सुहेल आजाद ने कुछ यूं पढा**

खुदा के राह में जो लोग चल कर बोलते हैं, तो खुस्क रोटी के टुकड़े निगल के बोलते हैं। बिहारी लाल अंबर ने अपने अंदाज में कुछ इस तरह पेश किया अपना कलाम। हम जिन्दगी के हाथों मिसयूज हो गए, पहले बने सुर्खियां फिर न्यूज हो गए। उसने कहा था आप अपनी फोटो भेजिए, गलती से पिता वाली सेंड हो गई। शहजादा कलीम ने श्रोताओं से हम कलाम होते हुए पढा, हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई, सब का सपना कहाँ गया, ढूंढ रही है नम आंखें वो भारत अपना कहाँ गया, रूखसार बलरामपुरी ने पढा। तेरे नाम दिल कर दूं ये जान कर दूं,अगर तू कहे तो ये ऐलान कर दूं। मुशायरे अनेकों शायरों ने जिसमें मखदूम फूलपुरी ,वंदना वर्मा, राज आईमी ,दिल खैराबादी, अली बाराबंकी आदि ने अपना अपना कलाम पेश किए। मुशायरे की अध्यक्षता डाक्टर नदीम इंतेखाब एंव संचालन जमील शाहिर, जावेद जिया ने किया। आयोजक सईद अंसारी एंव जियाउद्दीन रहे। मुख्य अतिथि के रूप में एम एल सी सुरेंद्र चौधरी के अनुज वीरू चौधरी ,ब्लाक प्रमुख सोरांव प्रदीप सरोज शामिल हुए। तथा पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,इम्तियाज समी भी शामिल हुए।मुशायरे की आगाज नात खुवानी कारी शमामा इरफानी ने किए। आए हुए श्रोताओं का मुशायरे की कामयाबी के लिए धन्यवाद सईद अंसारी ने किया।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से माघ मेले की तैयारियों को परखा

## चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स, श्रद्धालुओं व संत महात्माओं को नहीं होगी किसी प्रकार की दिक्कत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये माघ मेले से जुड़ी तैयारियों को परखा। उन्होंने मेला से जुड़ी तैयारियों को लेकर तमाम दिशा निर्देश भी दिए। कहा कि मेला के दौरान पांच हजार जवानों की तैनाती मेला क्षेत्र में रहेगी। इसके लिए 31 दिसंबर तक फोर्स आ जाएगी। इस दौरान नए वर्ष के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी कहा गया। मुख्य सचिव ने कहा कि माघ मेला में किसी भी श्रद्धालु या संत को परेशानी नहीं होनी चाहिए। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने माघ मेले के लिए हर सेक्टर में पुलिस के जवानों की तैनाती की बात कही। यह भी कहा कि प्रमुख स्थानों पर आने वाली भीड़ के अनुमान से ही फोर्स तैनात की जाए। इस दौरान श्रद्धालुओं से पुलिस कर्मी विनम्र व्यवहार करें। किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बाहर से आने वाली फोर्स को भी पहले से ही ब्रीफ कर दिया जाए। ताकि उन्हें मेले की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी मिल सके। बैठक में प्रयागराज सहित प्रदेश के आठ जिले जहां पर अनाधिकृत और बिना अनुमति के धर्म स्थलों में लाउड स्पीकर लगे हैं, उन्हें हटाने की भी बात कही गई।दरअसल पिछले दिनों जब प्रदेश सरकार ने ऐसे लाउड स्पीकरों के लिए अभियान चलाने के लिए कहा था तो पुलिस ने कुछ धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर उतारे थे। इसके बाद तमाम धर्मगुरुओं ने खुद पुलिस की मौजूदगी में लाउड स्पीकरों का दान किया था। उधर पुलिस द्वारा किए गए सर्वे में पाया गया कि तमाम स्थानों पर लाउड स्पीकर अब भी लगे हैं। चर्चा है कि उन लाउड स्पीकरों को हटाने का काम शुरू होगा। ऑनलाइन बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी चंद्र प्रकाश, डीएम संजय कुमार खत्री आदि अफसरों ने शिरकत की।

## थाने में तोते ने लिया असली मालिक का नाम, दो बरस बाद हुई घर वापसी

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** अमूमन लोग थाने तभी जाते हैं, जब कोई बड़ी मुसीबत आन पड़ती है। पर, शंकरगढ़ इलाके में रविवार को एक तोते का मामला थाने पहुंच गया। तोत एक था और उसके दावेदार दो। इस मसले को लेकर थाना परिसर में घंटों पंचायत चली, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो पा रहा था। थाने में पहुंचे अजीबोगरीब मामले की जानकारी होने पर तमाम स्थानीय लोगों की भी भीड़ जमा हो गई, पर यह फैसला नहीं हो पा रहा था कि इसका फैसला कैसे किया जाए।

जिस महिला के पास यह तोता अभी तक था उसका कहना है कि वह इसे पांच साल से पाल रही है, जबकि उसे अपना तोता बताने वाली महिला के मुताबिक यह तोता दो साल पहले उसके घर से उड़ गया था। फिलहाल कोई राह नहीं सूझने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने एक युक्ति सुझाई और वह काम कर गई। थानाध्यक्ष ने कहा, यह तोता जिसका नाम ले लेगा, तोता उसी को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद तोते से उसके असली मालिक का नाम बोलवाया गया और तोता इस परीक्षा में 100 नंबर से पास हो गया। दो साल बाद तोते को लेकर असली मालकिन अपने घ? चली गई।यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के भड़िवार गांव का है। जानकारी के मुताबिक भड़िवार की एक बूटी नामक युवती ने रविवार को 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी कि उसका पालतू तोता 2 साल पहले खो गया था। अब उसका तोता गांव की ही दूसरी महिला जबरिया अपने पास रखा हुआ है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों की बात सुनी, लेकिन मौके पर दोनों पक्ष तोते को अपना बताते रहे। यह देखकर डायल 112 की पुलिस टीम ने तोता और दोनों पक्षों को थाने पहुंचा दिया।।ाने में एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने दोनों पक्ष से बराबर पूछताछ की। भड़िवार की रहने वाली बूटी ने बताया कि यह तोता उसका है, जो दो साल पहले उड़ गया था। जबकि बूटी के घर से तकरीबन एक किलोमीटर के फासले की रहने वाली महिमा के मुताबिक यह तोता उसने पांच साल से पाल रखा है। चूंकि, दोनों पक्ष से तोते की दावेदार महिला ही थी, इस वजह से फैसला लेने में पुलिस को भी असहजता महसूस हो रही थी। इसके बाद कोई जुगाड़ काम नहीं करने पर एसओ ने दोनों महिलाओं से कहा कि वह अपने तोते से अपना (स्वयं का) नाम बोलवाएं। इस पर बूटी ने तोते से अपना नाम बोलवा दिया। जबकि तोता महिमा का नाम नहीं ले पाया। एक तोते के लिए शंकरगढ़ थाने में घंटों चली पंचायत के बाद तोता आखिरकार बूटी को सौंप दिया गया।

## कैफे में हॉस्टल के छात्रों ने किया बवाल, संचालक को सड़क पर घसीटकर पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आनंद भवन के सामने स्थित कैफे में हॉस्टल के छात्रों ने जमकर बवाल मचाया। कैफे पर मौजूद रतनाम सिंह को सड़क पर घसीटकर लात-घूंसों से पीटा। साथ ही एक अन्य व्यक्ति का मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने तीन नामजद समेत 28 पर रिपोर्ट दर्ज की है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। रजत दुबे आनंद भवन के सामने चाय सुट्टा बार के नाम से कैफे चलाता है। उसने बताया कि शनिवार रात 10 बजे के करीब लगभग 30 की संख्या में युवक बर्थडे मनाने आए। मना करने पर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध पर उसके दोस्त रतनाम को पिस्टल सटा दी और पीटना शुरू कर दिया। उसे घसीटकर सड़क तक ले गए और लात-घूंसे बरसाने लगे। बेतहाशा पिटाई से वह अचेत हो गया। इस दौरान एक अन्य मित्र दिव्यांशू ने पुलिस को फोन करना चाहा तो मोबाइल छीनकर पैरों से कूंच दिया। वह किसी तरह जान बचाकर भागा। आरोप यह भी है कि हमलावरों ने गल्ला लूटने का प्रयास किया और रंगदारी भी मांगी। भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि हमलावरों में रुद्रप्रताप सिंह, प्रेमप्रताप सिंह और राठौर भी शामिल थे। वह हॉलैंड हाल हॉस्टल में रहते हैं। इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि रंगदारी मांगने, लूट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### शव गायब होने की आशंका पर डीएम के आदेश पर खोदी गई कब्र,सुरक्षित निकला बुजुर्ग का शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में शव गायब हो जाने की आशंका पर कब्र खोदी गई। अफसरों की मौजूदगी में संड़वा कला गांव में करीब दो घंटे तक चली इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में लोग देखने के लिए जुट गई। जिस शव के गायब होने की आशंका पर कब्र खोदी गई थी वह शव सुरक्षित पड़ी थी।इसके बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली। दरअसल, परिवार वालों को लगा कि उसके परिजन का शव तंत्र मंत्र के सहारे कब्र से गायब कर दिया गया है। परिवार वालों को शव दिखाने के बाद उसे पुनः कब्र में दफनाया गया।

## देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा का

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** में भव्य स्वागत समाजवादी पार्टी की देश बचाओ देश बनाओ पदयात्रा अभिषेक यादव के नेतृत्व में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के नैनी सब्जी मंडी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गाजीपुर से 9 अगस्त 2022 को समाजवादी पार्टी की देश बचाओ देश बनाओ पदयात्रा शुरू हुई थी अब तक 11 जनपदों की 68 विधानसभा में अट्ठारह सौ किलोमीटर की पदयात्रा का सफर तय कर लिया गया है।

संविधान को बचाने ,महंगाई के सवाल, शिक्षा का प्रश्न सरकार की कतिपय अन्य दिक्कतों आदि मुद्दे पद यात्रा में शामिल हैं। स्वागत उपरांत सभा में वक्ताओं ने कहा की सरकार ने जनता से जो वादा किया था उसमें विफल रही है पदयात्रा में इसके लिए जागरूक करते हुए जनता का आह्वान किया कि, किए गए वादे पूरा न करने पर जवाब मांगा जाए इन्हीं तमाम मुद्दों को लेकर विधानसभाओं से होते हुए लखनऊ में पदयात्रा समाप्त होगी। अभिषेक यादव के नेतृत्व में चल रही पदयात्रा के स्वागत सभा में मुख्य रूप से यादव महासभा प्रयागराज के जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह यादव राजवीर यादव महापौर प्रत्याशी रविंद्र यादव पप्पू यादव शहर उत्तरी प्रत्याशी रहे संदीप यादव शिव प्रसाद यादव लालचंद यादव शिवा सिंह यादव( शिवम) प्रिय राज यादव दीपक यादव देवचंद्र यादव विजय कुशवाहा अनुज यादव राम सेन यादव विनय जायसवाल एडवोकेट नीरेंद्र यादव आज तमाम जन शामिल रहे।




### यूपीपीएससी के नए सदस्यों की नियुक्ति पर विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के कुछ सदस्यों को लोक सेवा आयोग का सदस्य बनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है।मुख्यमंत्री से मांग की है कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के किसी भी सदस्य को लोक सेवा आयोग का सदस्य ना बनाया जाए। इसके पीछे तर्क दिया है कि क्योंकि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की कार्यप्रणाली लगातार विवादों के घेरे में है और ऐसे सदस्यों के लोक सेवा आयोग का सदस्य बनने पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सुचिता पर गंभीर सवालिया निशान लग सकता है।

### अगर सदस्य बनाया तो सड़कों पर उतरेंगे प्रतियोगी

**अखंड भारत संदेश**

प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय का कहना है कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के कुछ सदस्यों को लोक सेवा आयोग का सदस्य बनाने की तैयारी चल रही है। इस संबंध में प्रतियोगिता संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें छात्रों की चिंताओं से अवगत कराया है। बताया है कि ऐसे सदस्यों का कार्यकाल लगातार विवादों के घेरे में रहा है ऐसे में इन्हें लोक सेवा आयोग का सदस्य न बनाया जाए। अगर बनाया जाता है तो प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगी। अगर जरूरत पड़ी तो इलाहाबाद हाईकोर्ट की भी शरण में जाएंगे।

## कार्यकताओं की कठिन परिश्रम से ऊंचाई पर है संगठनः लक्ष्मण आचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भाजपा कार्यालय अन्दावां झूंसी में गंगापार जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में चुनावी बैठक की गई। जिसमें पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक विक्रमाजीत मौर्य के असामयिक निधन पर श्रद्धा सुमन के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष एंव सदस्य विधान परिषद लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता की ईच्छा शक्ति, कठिन परिश्रम एंव लगन ही संगठन को नित नए उंचाई पर ले कर जा रही है। संगठन अपने कार्यकर्ता के द्वारा किए जा रहे कार्यों और लगन मेहनत का निरन्तर आकलन कर ग्रेट बना कर उसके क्षमता अनुरुप सम्मान भी करती है। संगठन में समय समय पर बैठकें होती रहती हैं इस कारण संगठन सर्वप्रथम किसी भी कार्य के लिए नियोजन-योजना-क्रियान्वयन- समीक्षा पर अपना कार्य करती है। उन्होंने कहा संगठन में ही प्रधानमंत्री द्वारा हर माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को सुनना बेहद जरूरी है। मुख्य व्यक्तित्व का धनी हो और संगठन के प्रति सच्ची श्रद्धा रखता हो उसे ही भाजपा संगठन अपना प्रत्याशी बनाने जा रही है। बैठक का



सशक्त मंडल और सशक्त बूथ कैसे हो संगठन के उत्सव प्रत्येक बूथ इकाई तक जैसे मनाया जाता है वैसे अतिथि ने कहा प्रत्याशी कर्मठ हो, वार्ड के अंदर अच्छी छवि हो, लोगों के मन में उसके प्रति सम्मान हो शुभारंभ पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार कन्हैया लाल पांडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

बैठक में सांसद केशरी देवी पटेल , विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, किरन त्रिवेदी, कविता पटेल, हरिभूषण सिंह, रामपलट पटेल, जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, महेश पाण्डेय, सन्तोष शुक्ला, जिला मिडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी तथा आशीष भारतीया, लक्ष्मी कान्त उपाध्याय, ईश्वर चन्द विन्द, आरती अग्रवाल, नवीन पटेल, मण्डल प्रभारी रमाशंकर शुक्ल, राकेश शुक्ल, गिरजा शंकर पाण्डेय, सुरेश चन्द्र विश्वकर्मा सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में पाकिस्तान के नेता विलावल भूट्टो द्वारा भारत विरोधी वक्तव्य देने पर कार्यकताओं द्वारा पुरजोर विरोध करते हुए बिलावल भुट्टो एवं पाकिस्तान के प्रति मुदार्बाद के नारे लगाते हुए बिलावल भुट्टो का पूतला दहन भी किया गया।

### वार्षिक खेलकूद का हुआ संपन्न

**जसरा/प्रयागराज।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज के वार्षिक खेलकूद के समापन दिवस पर खेल शिक्षक राकेश श्रीवास्तव जी एवम चंद्रशेखर जी के निर्देशन में 3000 मीटर, 5000 मीटर की दौड़, गोला फेक, भाला फेंक के साथ-साथ रस्साकशी, बिस्कुट दौड़, गणित दौड़ प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। कक्षा 12 के छात्र शैलेश कुशवाहा ने 3000 और 5000 मीटर की रेस में बाजी मारी,क्रमशः कार्तिकेय और अमर सिंह 3000 हजार 5000 मीटर की रेस में द्वितीय स्थान पर रहे।

## जेल में महिला बंदियों को साड़ी वा अन्य सामान का किया गया वितरण

### जिला महिला व्यापार मंडल व भारतीय कल्याणी सनातन सेवा ट्रस्ट द्वारा दिया गया उपहार

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** जिला महिला व्यापार मंडल व अखिल भारतीय कल्याणी सनातन सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वधान में केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में महिला बंदियों व छोटे बच्चों को अनेको सामान वितरण किए जिसमें महिलाओं के लिए 200 साड़ियां बच्चों के लिए गर्म कपड़े स्वेटर, हाईनेक, पजामें, वा बच्चों के खेलने के लिए 5 कैरम बोर्ड, 5 लूडो, 5 फुटबाल, 6 बैडमिंटन, आदि खेल के समान वितरण किया गया। जिसमे जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन कहां कि जिन महिलाओं की पैरवी नहीं हो पा रही है, वह जो महिला आर्थिक अभाव के कारण अपना आर्थिक दंड राशि नहीं जमा कर पा रही हैं। ऐसी महिलाओं को जिला महिला व्यापार मंडल की विधि सलाहकार एवं समिति की सदस्य अधिवक्ता रिशु मिश्रा ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर उनकी कानूनी रूप से सहायता कर उन्हें जेल से बाहर निकालने का पूरा प्रयास करेंगे। जिला महिला व्यापार मंडल की महासचिव श्रीमती पल्लवी अरोड़ा ने कहा कि बहुत सारी ऐसी महिलाएं जेल में बंद है, जिनका अपराध बहुत ही छोटा है। उनकी आर्थिक स्थिति अपना अपराध शुल्क देने की नहीं है ,ऐसी महिलाओं के लिए जिला महिला व्यापार मंडल अपना पूरा प्रयास कर उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश करेगा।

अखिल भारतीय कल्याणी सनातन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष व किन्नर खाने की महामंडलेश्वर कल्याणी नंदगिरी सभी बंदियों को साड़ी वितरण किया। इस दौरान मां कल्याणी नंद गिरी ने कहा कि हमेशा से ही हमारा उद्देश्य समाज सेवा का रहा है और आज अखिल भारतीय कल्याणी सनातन सेवा ट्रस्ट सेंटर, नैनी जेल में जिला महिला व्यापार मंडल के साथ यहां पर अपने अपराधों की सजा काट रही महिलाओं व उनके छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेलने के लिए सामान किया गया।

जिला महिला व्यापार मंडल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, से प्रार्थना करता है कि जो मातृ शक्तियां जेल में बंद है ,उन्हें रिहा करे, क्युकी बहुत ही कम उम्र की लड़किया,जिनका भविष्य अंधकार में है, छोटे छोटे बच्चो की माताएं, उन्हें रिहा कर के उनके पुनर्निवास की प्रार्थना करते है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला महिला व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन,महासचिव श्रीमती पल्लवी अरोरा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिना खान, वंदना त्रिपाठी ,रिशु मिश्रा रंजना मिश्रा। अखिल भारतीय कल्याणी सनातन सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष कल्याणी नंदगिरी, प्रयागराज के सदस्य वैष्णवी नन्दगीरी,राधिका हुस्ना, मोहिनी, रिया, पीहू, राम्या, राहुल , आदि लोग मौजूद थे।

### नौकरी के दौरान अधिक भुगतान की वसूली गलत, ब्याज सहित कटौती राशि वापस करने का निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्णय दिया है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी को मिले पैसों से नौकरी के दौरान हुए अधिक भुगतान की वसूली करना गलत है। कोर्ट ने इसी के साथ आगरा के पीएसी के प्लाटून कमांडर रहे सुरेश चंद यादव तथा उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से वाराणसी से रिटायर इंस्पेक्टर गोपाल सिंह से सेवानिवृत्ति के बाद की गई वसूली को ब्याज सहित वापस करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने प्रदेश सरकार को यह छूट दी है कि चाहे तो नौकरी के दौरान किए गए अधिक भुगतान के जिम्मेदार अधिकारी से उनका दायित्व निर्धारित करते हुए उनसे वसूली करें। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि विभागीय कार्रवाई संपादित किए बगैर याचीगण से पैसों की कटौती की गई है। इस प्रकार का वसूली आदेश भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300. ए का उल्लंघन है, इसे रद्द किया जाना चाहिए। अधिवक्ता का कहना था कि सेवा के दौरान जो वेतन दिया गया, वह शासनादेशों के अनुकूल था। इसमें याचीगण की कोई गलती नहीं थी और न ही इन्होंने धोखे से वेतन प्राप्त किया था। यह फैसला जस्टिस पंकज भाटिया ने सुरेश चंद्र यादव, प्लाटून कमांडर, पीएससी तथा इंस्पेक्टर गोपाल सिंह की याचिकाओं पर पारित किया है। पुलिस विभाग के दोनों अधिकारियों ने रिटायरमेंट के बाद उनके विरुद्ध पारित वसूली आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। रिटायरमेंट के बाद याचीगणों की ग्रेच्युटी एवं पेंशन से पैसों की कटौती कर ली गई थी तथा कहा गया था कि यह कटौती इस कारण की जा रही है कि सेवाकाल के दौरान उन्हें अधिक वेतन भुगतान किया गया था।

# कालाकांकर ब्लाक की चार व कुण्डा की एक ग्राम पंचायत मानिकपुर टाउन एरिया से जुड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार अब ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत को सवारने के लिए कही टाउन एरिया बना रही है तो कही टाउन एरिया से गावो को जोड़ रही है। कुछ महीने पूर्व प्रदेश की योगी सरकार ने हीरागंज व डेरवा को नया टाउन एरिया घोषित किया जहाँ चुनावी सरगर्मियां जोरो पर है।

प्रदेश की योगी सरकार ने ब्लाक कालाकांकर की चार ग्राम पंचायत लाटतारा, बजहाभीट, चौरही, मिरगढ़वा व कुन्डा ब्लाक की चैकापारपुर गाव को मानिकपुर टाउन एरिया में शामिल कर दिया जहाँ के मतदाता होने वाले टाउन एरिया चुनाव में अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे कालाकांकर ब्लाक की चार ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान सुशीला देबी, सुनैना देबी, सावित्री देबी व आशमाबाबी पहली बार चुनाव जीतकर प्रधान बनी है जिनके गाव नगर पंचायत टाउन मानिकपुर में शामिल हो जाने से ग्राम प्रधान पैदल हो गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से ग्राम प्रधानो में मायूसी दिखाई देने लगी नव निर्वाचित ग्राम प्रधान जो पहली बार लाखो रुपये खर्च करके चुनाव जीते थे उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर गया कुछ भी बोलने को तैयार नही है अब यही कह रहे है कि टाउन एरिया से मेरा गाव जुड़ गया चेयर मैन के प्रसार प्रचार में लगे हुए हैं। मानिकपुर टाउन एरिया में शामिल किए गए गाँव के ग्रामीण कोई खुश तो कोई निराश दिखाई दे रहा है। बता दें कि प्रदेश की योगी सरकार अधिक आवादी वाली ग्राम पंचायत को आस पास के गाँव की जनसँख्या को जोडकर टाउन एरिया बनाने की कवायद जन प्रतिनिधियों की मांग पर जोर शोर से कर रही है जिनमे ग्राम पंचायत परियावां के आस पास के दो तीन गाँव को जोड़कर टाउन एरिया घोषित करने की तैयारी कर रही है जिसकी भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व संगमलाल गुप्ता मुख्यमंत्री तक फाइल पहुँचा दिए है जिसकी वातार्लाब मुख्यमंत्री से कर भी चुके है अब केवल मुख्यमन्त्री की घोषणा का लोग इंतजार कर रहे है।नगर परियावां को टाउन एरिया होने का ब्यापारी लोग भी बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे है कि मुख्यमंत्री कब परियावां को टाउन एरिया घोषित करेंगे। जब कि टाउन एरिया के लिए आस पास के परसई, गौरी, मुरस्सापुर को जोड़कर पर्याप्त जनसंख्या हो रही है। अब ब्लाक कालाकांकर की 62 ग्राम पंचायत में 58 ग्राम पंचायत रह गई है।

## कहीं दिखी खुशी तो कहीं दिखा गम

# विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने अमर बहादुर

## जिले की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कार्यकारिणी राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेष के निदेर्षानुसार जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें निम्न पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया जिसमें अमर बहादुर यादव को अध्यक्ष बनाया गया।

इसके अलावा सुरेन्द्र बहादुर सिंह संरक्षक, विवेक पाण्डेय जिला सचिव, अरविन्द यादव जिला उपाध्यक्ष, विनोद सरोज जिला कोषाध्यक्ष, दिलीप कुमार जिला उप सचिव व प्रमोद कुमार यादव प्रचार सचिव बनाये गये। कार्यकारिणी के गठन के बाद समस्त खण्डीय पर भी अलग से कार्यकारिणी का गठन किया गया। उक्त चुनाव का संचालन राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेष के पूर्वान्चल उपाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में सभी तक्नीषियन साथी प्रतिभाग किये जिसमें करुण बहादुर, अमर बहादुर, सतीष यादव, अरविन्द यादव, राजेश श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, नागेन्द्र यादव, मनोज पाल आदि मौजूद रहे।



जिले की कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

# प्रेमी से शादी की जिद में युवती चढ़ गई पानी की टंकी पर

## सदर तहसील में बनी पानी की टंकी पर चढ़ी युवती का ड्रामा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर तहसील में बनी पानी की टंकी पर रविवार को अपरान्ह गोडे. गांव की रहने वाली एक युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद करने पर पानी की टंकी पर चढ़ गई और कहा कि जब तक उसका प्रेमी आकर उसे विवाह करने के लिये नहीं तैयार होता, तो वह कूदकर जान दे देगी।

इससे हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस व लड़की की मां वहां पहुंच गई। देखते ही देखते काफी भीड़ हो गई। लगभग आधे घंटे के ड्रामे के बाद पुलिस ने प्रेमी युवक को बुलाया और युवती को भरोसा दिलाया कि तुम इसी के साथ जाओगी, तब किसी तरह युवती पानी की टंकी से उतरी। पुलिस ने युवती को उसके प्रेमी युवक के साथ भेज दिया है।



पानी की टंकी पर चढ़ी युवती को उतारते लोग।

बताया जाता है कि युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम हो गया है और लड़के वाले शादी के लिये तैयार नहीं हैं। इससे युवती यह हाईप्रोफाइल ड्रामा कर प्रेमी के साथ चली गई। चर्चा है कि युवक रिष्ते में उसका भाई लगता है। लोगों का कहना है कि पुलिस के पास युवती को टंकी का और कोई चारा नहीं था। बहरहाल इस ड्रामे को देखने के लिये लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

## युवती से युवक ने किया छेड़छाड़, शिकायत पुलिस से

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शौच के लिए शौचालय में गई एक युवती को पड़ोसी आरोपी युवक ने घुसकर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो वह अपने घर की तरफ भाग गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 वर्षीय युवती अपने शौचालय में शनिवार की शाम शौच के लिए गई थी आरोप है कि उसी समय उसके पड़ोस के रहने वाला एक लड़का शौचालय में घुस गया और उसके साथ बदनियति से छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो युवक को पकड़ लिया लेकिन वह वहां से अपने घर की तरफ भाग निकला दूसरे दिन युवती के परिजनों ने पट्टी कोतवाली में युवक के विरुद्ध शिकायत पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सीएमई कार्यशाला का किया गया आयोजन

## क्षय रोग के बारे में दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबागंज स्थित एक होटल में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन एवं जीत एनजीओ द्वारा एक सीएमई कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले के डाक्टरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आईएमए अध्यक्ष डा0 आर0के0 मिश्रा एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वन्दना जायसवाल द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।

जिला कार्यक्रम समन्वयक हेमन्त शुक्ला द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की एवं जनपद मे जीत एनजीओ के विषय में भी बताया। कार्यशाला में टीबी प्रिवेन्टिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के बारे में बताया गया कि टीबी मरीज के सभी कान्टक्ट को टीपीटी दिया जाना है जिसमें आइसोनियाजिड 05 वर्ष से कम को 100 एमजी एवं 05 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को 300 एमजी दिया जाना है। कार्यशाला में प्राइवेट मरीजों का नोटिफिकेशन बढ़ाने हेतु भी डाक्टरों से नोटिफाइड करने हेतु कहा गया जिससे मरीजों का सही समय पर इलाज हो सके चाहे वह मरीज प्राइवेट या सरकारी हो। टीबी मरीजों का निःक्षय पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। जीत एनजीओ के सूर्यकान्त तिवारी द्वारा टीबी प्रियेन्टिव ट्रीटमेन्ट के बारे में विस्तार से बताते हुये जनपद में हुये अपने कार्यो को बताया गया। डाक्टर आरडी द्विवेदी एवं डा0 एम0ए0 खान द्वारा भी प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ाने हेतु अपने विचार रखे गये। कार्यशाला के अन्त में जिला पीपीएम समन्वयक रामेन्द्र तिवारी द्वारा जिले से आये हुये सभी सम्मानित डाक्टरों, आईएमए अध्यक्ष, उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जीत एनजीओ के कार्यक्रम समन्वयक का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 शिवमूर्ति लाल मौर्य (आई0एम0ए0 सदस्य) द्वारा किया गया। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा दी गयी है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

## दो मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के मददुपुर गाव निवासी लवकुश पुत्र जगई को 10 लीटर कच्ची शराब को बेचने के लिए ले जा रहे खड़ंजे के रास्ते पर गिरफ्तार किया लिखा पढ़ी करके न्यायलय भेज दिया।

उधर नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के सधई का पुरवा अस्थान में बटवारे को लेकर हुई मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी के मामले में दयाराम पटेल की तहरीर पर गाव के शुभम पत्नी अज्ञात व पुट्ठी लाल पत्नी अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। उधर नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के ओझा का पुरवा जनवामऊ निवासी मनीष कुमार ओझा की तहरीर पर गाव के सुधीर कुमार ओझा के खिलाफ निमार्णाधीन जमीन पर पेशाब कर रहे वादी के पिता कमलेश ओझा को मना करने पर डण्डा छीनकर मारने व भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कब्जा करने के मामले में पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

## दबंगों ने चोरी से काटे आम के पांच हरे भरे पेड़

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** दबंग पड़ोसियों ने रात के अंधेरे में चोरी से आम के पांच हरे भरे पेड़ काट उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को आते देख पेड़ काट रहे दबंग लकड़ी छोड़ कर फरार हो गए। बाग मालिक ने दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शाह जमालपुर निवासी कृष्ण कुमार यादव उर्फ पप्पन पुत्र रामदीन यादव वर्तमान समय में कुंडा नगर के कबारिया गंज में रहते हैं। कृष्ण कुमार के आम की बाग के पांच पेड़ रात में चोरी से काट डाला तथा रात में ही लकड़ी भी ट्रैक्टर से उठा ले गए और पेड़ों की कटाई की जानकारी गांव वालों को हुई तो उन लोगों ने मालिक कृष्ण कुमार को सूचना दी जिस पर तत्काल 112 डायल पुलिस को सूचना देकर घटना से अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस को आता देखकर पेड़ काट रहे दबंग अन्य पेड़ों की लकड़ियों को छोड़कर भाग निकले। भोर में फिर उन लोगों ने लकड़ी ले जाने का प्रयास किया तो पुनः सूचना पर पहुंची पुलिस के प्रयास से दबंग लोग कटी हुई पड़ी लकड़ी नही ले जा सके। पीड़ित बाग मालिक कृष्ण कुमार यादव ने कोतवाली में गांव के तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर अलग-अलग घटनाओं में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने पीड़ित की तरफ से शिकायती पत्र पुलिस को दिया गया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के परसंडा गांव के रहने वाले दिनेश चंद्र उपाध्याय पुत्र राम लखन उपाध्याय ने बताया कि उनकी पुश्तैनी बाग की जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन अवैध कब्जा कर रहे हैं जिसका विरोध करने पर अवैध असलहा लेकर आरोपी दौड़ा लिए तथा मां बहन की गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी वहीं दूसरी तरफ कांधरपुर गांव के रहने वाले रामलाल पुत्र संतराम ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर रविवार की सुबह 8 बजे गांव के रहने वाले दो लोगों ने लाठी डंडा लेकर गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा दिया तथा घर में रखा हुआ सामान तोड़ फोड़ दिया।

# भू-माफियाओं ने रिजर्व खाद गढ्ढे की भूमि का मिटा दिया अस्तित्व

## बाजार वासी कहां फेके कूड़ा, प्रशासन के अतिक्रमण मुक्त दावे फेल

## राजमार्ग स्थित करोड़ों की भूमि पर किया अतिक्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजमार्ग पर स्थिति खाद गढ्ढे के नाम से रिजर्व करोड़ों की भूमि पर अतिक्रमण करके भू-माफियाओं ने उसका अस्तित्व ही मिटा दिया है। बाजार वासियों को कूड़ा फेकने के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस हाल में लोग एनएच के किनारे कूड़ा फेकने के लिए मजबूर है।

वहीं प्रशासन का भी रिजर्व भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का दावा फेल साबित हो रहा है। स्थानीय क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार में लखनऊ-वाराणसी एनएच से लगभग पच्चास मीटर कि दूरी पर भटनी राजमार्ग पर खाद गढ्ढे के नाम से लगभग छः विस्सा भूमि आरक्षित है। करोड़ों की कीमत की भूमि पर भू-माफियाओं की नजर गड़ गई। हालत यह है की कुछ लोगो ने खाद गढ्ढे की रिजर्व भूमि पर अतिक्रमण करके अपने कब्जे में ले रखा है। भू-माफियाओं द्वारा खाद गढ्ढे पर कब्जे की वजह से बाजार वासियों के सामने कूड़ा फेकने के लिए बड़ी समस्या पैदा हो गई है। बाजार के लोग अब कूड़े को एनएच पर स्थित पुलिस चैकी के सामने फेक रहे हैं। खाद गढ्ढे को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसे खोदवाने के लिए लोगो ने कई बार राजस्व विभाग से फरियाद लगाई, लेकिन कीमती भूमि होने के कारण अतिक्रमणकारी लोग राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ ही स्थानीय प्रभावशाली लोगो को किसी न किसी तरह से मैनेज कर लेते है। वहीं खाद गढ्ढे पर अतिक्रमण की वजह से बाजार वासियों को कूड़ा फेकने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उसको जल्द दिखवा कर अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

## अवैध तमन्चा व देसी बम के साथ दो धराए

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा के उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र जेठवारा के सराय इंद्रावत रैनी तालाब, पठान पुरवा तिराहा क पास से मोटर साइकिल सवार एक व्यक्ति अमरजीत सरोज उर्फ सल्लू पुत्र कमलेश सरोज नि0 पठान का पुरवा सराय इंद्रावत थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की एक स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरे पास से बरामद मोटर साइकिल चोरी की है। जो मैंने चार साल पहले अमेठी से चुराई थी, पकड़े जाने के डर से जिसे मैं फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाता हूँ। ई-चालान ऐप के माध्यम से पता करने पर वाहन स्वामी का नाम अनिल कुमार पुत्र राम स्वरुप नि0 नारैनी जनपद अमेठी पंजीकृत है। जिसके संबंध में थाना अमेठी में मु0अ0सं0 269/18 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत है। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जेठवारा पर मु0अ0सं0 332/22 धारा 379, 411, 419, 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

उधर थाना मान्धाता से व0उ0नि0 भृगुनाथ मिश्रा व उ0नि0 श्री अनुज यादव व उ0नि0 बनबारी लाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र मान्धाता के आरडीआरपीएस पीजी कालेज के पास से मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों मो0 ईशा पुत्र मंसूर अहमद नि0 मिश्रपुर मुर्स्तका थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ के पास 04 नाजायज देसी बम व नूर मोहम्मद उर्फ पगलू पुत्र गुलहसन नि0 मिश्रपुर मुर्स्तका थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ को 01 अदद तमन्चा 0.315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्तों के विरूद्ध क्रमशः मु0अ0सं0 376/22, धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम बनाम मो0 ईशा व मु0अ0सं0 377/22, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम नूर मोहम्मद का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में वंछित धराया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना देल्हूपुर के उ0नि0 राकेश चौरसिया मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 93/22 धारा 147, 148, 149, 323, 307, 504, 506 भादवि से संबंधित अभियुक्त असीर अहमद पुत्र अबुताही नि0 तौकलपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के तौकलपुर पावर हाउस के पास दुगार्गंज जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पांच वारण्टी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना महेशगंज के उ0नि0 दीपक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0न0 1264/2017 धारा 147, 148, 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त आलमगीर पुत्र सब्बीर नि0 माघी चैनगढ़ थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। जनपद के थाना महेशगंज के उ0नि0 श्री अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0न0 92/2015 धारा 323, 504 भादवि से संबंधित पांच वारण्टी अभियुक्त भरत पुत्र झूरी यादव, जीतलाल पुत्र रामखेलावन, राम खेलावन पुत्र स्व0 जगन्नाथ, नन्हेलाल पुत्र स्व0 बृजमोहन नि0गण भवानी का पुरवा थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

# बाल रोग विषेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव का हुआ निधन

## शोक जताने वालों का लगा तांता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के जाने माने बाल रोग विशेषज्ञ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव का आज लंबी बीमारी के बाद गुणगांव में हुआ निधन। गंभीर बीमारी से जिंदगी से जंग लड़ते हुए ली अंतिम सांस।

प्रतापगढ़ जिला कायस्थ सभा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार खरे ने डॉक्टर राजेश के निधन पर गहरा दुख व्यक्त व्यक्त किया है। संतोष खरे ने कहा की जनपद में चिकित्सा के क्षेत्र में अहम योगदान के साथ डॉक्टर राजेश ने कायस्थ समाज के उत्थान के लिए बड़ा कार्य किया है। वह कायस्थ समाज के गरीब परिवार के लिए हमेशा आर्थिक सहयोग करते रहे है। अखिल भारतीय कायस्थ सभा के जिला अध्यक्ष व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल नाथ श्रीवास्तव ने भी डॉक्टर राजेश के निधन को चिकित्सा जगत की अपूर्णीय क्षति बताया है। पूर्व न्यायाधीश ज्ञान चंद्रा ने भी डॉक्टर राजेश के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। डॉक्टर राजेश के निधन पर कायस्थ समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जवाहर लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय गिरीश चंद्र सिन्हा, पूर्व निदेशक डॉक्टर अविनाश श्रीवास्तव, डॉक्टर आलोक सक्सेना, डॉक्टर ए के कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव, डॉक्टर रवि श्रीवास्तव, डॉक्टर अनिल खरे, डॉक्टर अविनाश श्रीवास्तव, डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव, डॉक्टर विनय श्रीवास्तव, अमितेंद्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, आशुतोष खरे, गौरव श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, डॉक्टर शंकर सहाय, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव,डॉक्टर सुनील श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, नीलिमा श्रीवास्तव, रचना खरे, अरुण श्रीवास्तव, विजय कांत श्रीवास्तव, संत प्रसाद श्रीवास्तव, राजकुमार सिन्हा, विश्वदीपक श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, संजय खरे, अलका खरे, शिशिर खरे, कमला श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, निशीथ श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव मीना श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, शिवशंकर खरे आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेठवारा स्थित शाधुरी शिरोमणि इंटर कॉलेज धनसारी प्रतापगढ़ में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन जिला स्काउट मास्टर बेसिक सुशील कुमार सिंह का विशेष संबोधन रहा है जिसमें सुशील सिंह ने बच्चों को बताया कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों के अंदर नेतृत्व कौशल एवं टीम भावना से कार्य करने की क्षमता का विकास होता है जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में दीपक बरनवाल, विकास यादव, शबा बानो, रक्षा सिंह ने द्वितीय दिवस में बीपी सिक्स व्यायाम ध्वज शिष्टाचार, गाठ बंधन तथा प्राथमिक चिकित्सा के विषय में बताया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण मूर्ति त्रिपाठी, सुनील यादव, सुनील कुमार त्रिपाठी, सिद्धार्थ वर्मा, अखिलेश पटेल, अमरेंद्र प्रताप सिंह, अनुपम रावत आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद स्काउट मास्टर व बच्चे

## विद्याज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए 1010 छात्रों ने परीक्षा दी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रविवार को केपी कालेज में विद्याज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव की देखरेख में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा में 1390 के सापेक्ष 1010 छात्रों ने परीक्षा दी। 380 ने परीक्षा छोड़ दी। क्लास 6 स्तर की इस परीक्षा में पहली पाली में 503 बालिका और दूसरी पाली में 507 बालक उपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में स्कूल प्रतिनिधि आदित्य, पटल प्रभारी इंद्रजीत, नीरज मिश्रा, जितेन्द्र तिवारी, रवि प्रकाश, रंजीत, अमरजीत और संतोष का सक्रिय योगदान रहा। नोडल और खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि विद्याज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए यह परीक्षा केपी कालेज में दो पालियों में आयोजित थी।



केपी कालेज में परीक्षा देते छात्रगण।

# चोरी की 5 मोटरसाइकिल के साथ 06 चोर गिरफ्तार

## जनपद के अलग-अलग स्थानों से चोर गिरोह ने चोरी की थी मोटरसाइकिल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने के बाद उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की है पुलिस ने आरोपियों से जब कड़ाई से पूछताछ की तो गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी हुई पुलिस ने चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 5 बाइक के साथ साथ तमंचा कारतूस भी बरामद किया है आरोपियों के विरुद्ध लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को अदालत में पेश कर दिया है।



चोरी की घटना का खुलासा करते पुलिस अधिकारी पीछे खड़े बाइक चोर।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी चायल के पर्यवेक्षण में रात्रि में प्रभारी निरीक्षक सरायअकिल मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में हो रहे लगातार मोटरसाइकिल चोरी व अन्य चोरी के सम्बन्ध में रात्रि गश्त भ्रमण व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बकोढ़ा पुलिया के पास से दो मोटरसाइकिल पर सवार छः अभियुक्तो शुभम सोनी पुत्र सोनू सोनी हर्षित बधिक पुत्र मक्खनलाल कल्लू गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता अजीत सिंह पुत्र रवि उदय सिंह अमित सिंह पुत्र धर्मराज सिंह मो0 सैफ पुत्र मो0 सफीक निवासी टिकरा पनारा गोपालपुर थाना सराय अकील को संदिग्ध होने पर पकड़ा गया पूछताछ व जमा तलाशी से चोरी की दो मोटरसाइकिल व अभियुक्त शुभम सोनी के पास से एक अदद देशी अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त गणो द्वारा जनपद में अलग अलग स्थानो से मोटरसाइकिल चोरी करने व बेचने के जुर्म को स्वीकार किया तथा अभियुक्तगणों की निसादेही पर तीन अदद अन्य मोटरसाइकिल चोरी की बरामद की गयी। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तगणो को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## दंपत्ति के विवाद में मायके के दखल से स्थित बदतर

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के जीता का पूरा गांव के रहने वाले निर्भय कुमार की ससुराल सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव में है निर्भय का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है जिस पर पत्नी अपने मायके वालों को बुलाकर उनके साथ मायके पहुंच गई अब वह अपने मायके से ससुराल नहीं आ रही हैं निर्भय का कहना है कि कई बार वह पत्नी को बुलाने के लिए ससुराल बसुहार गांव गया लेकिन युवक की सास और साले मिल कर पत्नी को नहीं भेज रहे हैं बीच में सास और साले रोडा बन रहे हैं सराय अकिल थाना में निर्भय कुमार ने दिनांक 17 दिसम्बर को तहरीर देकर पुलिस से बताया कि जब भी वह अपनी पत्नी को बुलाने के लिए ससुराल जाता हैं तो सास और साले मिलकर उसके साथ गाली गलौज करते हैं और उसकी पत्नी को नहीं भेज रहे।

# भाजपाई हुए अधिशाषी अधिकारी कैसे होगा निष्पक्ष चुनाव

### अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में बनाई गई मतदाता सूची पर भी हो गए सवाल खड़े

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** संविधान की शपथ लेकर कुर्सी पर काबिज होने वाले सुनील कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पश्चिम शरीरा इन दिनों भाजपाई हो गए हैं वह भाजपा की मंच में बैठकर पार्टी का प्रचार प्रसार करते हैं पार्टी के नेताओं की नीतियों से वह इस कदर प्रभावित है कि उन्हें संविधान की गरिमा को तार-तार करने में शर्म संकोच नहीं लगती है संविधान की शपथ लेकर कुर्सी पकड़ने वाले अधिशासी अधिकारी के कारनामे से एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को पश्चिम शरीरा में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी के नेतृत्व में बैठक आयोजित थी इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे बैठक में भाजपा नेताओं के साथ पश्चिम शरीरा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह मंच साझा कर रहे थे अब सवाल उठता है कि यदि अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह भाजपा के मंच साझा करेंगे तो नगर निकाय के चुनाव में वह निष्पक्ष तरीके से कैसे कार्य करेंगे अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निष्ठा पर सवाल खड़े हो गए हैं और समाजवादी पार्टी बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दल के संभावित प्रत्याशियों ने अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इन पर कठोर कार्यवाही करते हुए इनका स्थानांतरण अन्यत्र किया जाए।



भाजपा के मंच पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत।

# शराब के नशे के झोंके में ट्रेन की चपेट में आया अधेड़, हुई दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की बीती देर शाम दर्दनाक मौत हो गयी है,पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है ।घटनाक्रम के मुताबिक कल्लू निर्मल उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र स्व गयाप्रसाद निर्मल निवासी ग्राम सभा धुमाई बीती शाम किसी काम से अझुवा आया था घर लौटते समय यह हादसा हुआ है वहीं धुमाई ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पहले धुमाई ग्राम सभा के एक युवक का एंड्रॉयड मोबाइल खो गया था पीड़ित मोबाइल की तलाश कर रहा था वह मोबाइल गांव के एक युवक विपुल के पास मिला पीड़ित एवम सर्विसलांग टीम अमेठी की सूचना पर विपुल को अझुवा चौकी पुलिस चौकी उठा लायी थी विपुल को छुड़ाने परिजन कई मोटरसाइकिलों से चौकी आये थे चौकी में मोबाइल का दोनों पक्ष में समझौता हो गया। उन्ही के साथ मृतक भी आया था बीती शनिवार देर शाम वापस घर लौटते समय मृतक जमकर नशे का सेवन किया था रेलवे फाटक बंद था मोटरसाइकिल सवार क्रासिंग के पहले रुक गए थे साथ रहे लोगों ने फाटक बंद है रुको रुको कहते रह गए लेकिन कल्लू बंद रेलवे फाटक पार करने लगा इसी दौरान अपलाइन पर तेजरफ्तार ट्रेन आ गयी जिससे कल्लू के परखच्चे उड़ गए दर्दनाक मौत हो गयी वहीं चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी ने बताया पूर्व प्रधान राज बाबू चौकी आये थे ।मृतक चौकी नही आया मृतक के ट्रेन हादसे से परिजनों में कोहराम मचा है पुलिस ने रात में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों की पुलिस टीमो द्वारा दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 30 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रेम पासी पुत्र श्याम लाल निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कडाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 25 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है ।इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त फूलचन्द्र निषाद पुत्र राम कण्ठ निवासी रसूलपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# सांसद एवं डीएम ने जनपद से चयनित 13 प्रवक्ताओं को नियुक्ति-पत्र किया वितरित

## नौकरी वेतन के लिए नहीं,बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए करें,नौकरी कभी भी बोझिल नहीं लगेगी- सांसद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार को लोक भवन लखनऊ में मिशन रोजगार के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित 1395 प्रवक्ताओं को ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति-पत्र वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने लखनऊ में ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति-पत्र किया वितरित

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उदयन सभागार कौशाम्बी में आयोजित समारोह में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना सांसद विनोद सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद से चयनित 13 प्रवक्ताओं-आकांक्षा सिंह, एकता केसरवानी, कु0 संजू, दीपक कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह, अजीत कुमार त्रिपाठी, संजय कुमार, सतीश कुमार, अनिल कुमार, पंकज कुमार त्रिपाठी, मैथली शरण पासवान एवं विकास कुमार को नियुक्ति-पत्र वितरित किया सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवचयनित प्रवक्ताओं को बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी तथा मॉ शीतला देवी से प्रार्थना की कि आप लोग जो सपना देखें, वह पूरा हों उन्होंने प्रवक्ताओं की पारदर्शी, निष्पक्ष एवं भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विगत लगभग 6 वर्षों में लाखों नौकरी दिया गया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई भी शिकायत नहीं आयी है। उन्होंने कहा कि हम लोग भाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म कौशांबी में हुआ है, जिसका इतिहास स्वर्णिम व गौरवशाली है तथा मॉ गंगा व यमुना के ऑचल में बसा हुआ है। उन्होंने नवचयनित प्रक्ताओं से कहा कि आप लोग जिस भी जनपद में नौकरी करने जाय, उस जनपद में कौशांबी के गौरव को ऊँचा रखना एवं समाज में समरसता, बंधुत्व व भाईचारा कैसे बढ़े, इस पर चिन्तन करें तथा कौशाम्बी के स्वर्णिम व गौरवशाली इतिहास के बारे अवश्य चर्चा करते रहें उन्होंने कहा कि जनपद में श्रीकृष्ण भगवान ने संदीपन घाट में शिक्षा ग्रहण किया था तथा 16 महाजनपदों में एक महाजनपद कौशांबी भी रहा है।

सासंद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत का सपना देखा है, आप लोग भी इस सपने को पूरा करने में अपना योगदान करें तथा देश को नशामुक्त एवं शिक्षायुक्त बनाने में अपना अहम योगदान करें एवं अपने विद्यालय परिसर को नशामुक्त बनाए रखें उन्होंने कहा कि आप लोगों के द्वारा समाज व भविष्य का निर्माण होगा। उन्होंने प्रवक्ताओं से समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि नौकरी वेतन के लिए मत करें, इसे राष्ट्र निर्माण के लिए करें, नौकरी कभी भी बोझिल नहीं लगेगी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा जनपद के प्रभारी अनिल सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# दृढ़ इच्छा और कठिन मेहनत से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा एवं गरिमा में हुई अभिवृद्धिः प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय सिंह ने कहा कि महाविद्यालय परिवार के लिये अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है, कि प्रो0 राजेंद्र सिंह(रज्जू भय्या) वि0वि0,प्रयागराज द्वारा आयोजित युवोत्सव 2022-23 के अंतर्गत विश्व विद्यालय में मंडल स्तरीय सम्पन्न हुई चार जिलों की प्रतियोगिता में महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी को एकल गायन प्रतियोगिता में अभिषेक सरोज बी0 ए0 द्वितीय को प्रथम स्थान एवम समूह गायन प्रतियोगिता में रेशमी ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है जबकि प्रश्न मंच में द्वितीय स्थान

### जिसकी निगाहें लक्ष्य पर हो, उनकी तकदीर खुदा गढ़ा करता है इरादें मजबूत हो जिनके, उनके किस्से जमाना पढा करता है



छात्राओ से वार्ता करते प्राचार्य।

और रंगोली प्रतियोगिता में प्रियंका सिंह बी एससी तृतीय वर्ष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस सुखद पलो में हृदय आह्लादित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 विनय कुमार सिंह ने महाविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद एवम सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार तथा विजेता टीम के सभी प्रतिभागियों को कोटिशः बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि-आप लोगों के दृढ़ इच्छा और कठिन मेहनत से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा एवं गरिमा में अभिवृद्धि हुई है। जिसके लिए आप सभी प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद ही नहीं अपितु प्रबल सदइच्छा है कि भविष्य में भी महाविद्यालय के यश और कीर्ति में वृद्धि की इबारत सुनहरे अक्षरों से लिखी जाएगी। उन्होंने अपनी बात चंद पँक्तियाँ कहकर समाप्त किया कौन कहता है, कि लक्ष्य का समर कठिन बड़ा है ।विजय श्री का वरमाला पहना जिसने समर को लड़ा है।

## चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा चार वारन्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सेट्टी उर्फ राकेश पासी पुत्र ललवा पासी निवासी हौलीपर थाना सैनी इन्द्रपाल पुत्र जगधर पासी निवासी रामपुर धमावा थाना सैनी व गुड्डू पुत्र इंद्रपाल भाट निवासी त्रिलोकपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त संजय सोनकर पुत्र बुधराज सोनकर निवासी नारा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रजापति सेवा समिति द्वारा विधवा महिलाओं को दिया गया कंबल

अखंड भारत संदेश

**बैरमपुर कौशाम्बी।** प्रजापति महा सभा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर विधवा महिलाओं को कंबल वितरण किया गया है कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष जय सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में दानपुर में किया गया प्रजापति समाज सेवा समिति कौशांबी की सभा में समाज के लोग उपस्थित हुए प्रजापति सेवा समिति द्वारा विधवा महिलाओं को कंबल वितरण किया गया महासभा के पदाधिकारी सुरेश कुमार प्रजापति जय सिंह प्रजापति रतीश कुमार प्रजापति डा. बी एन प्रजापति, डा. हेमंत प्रजापति,



कंबल वितरण करते प्रजापति सेवा समिति के पदाधिकारी।

भगवत प्रसाद प्रजापति, डा.मुरली मनोहर प्रजापति, निराशा देवी , सुमित प्रजापति चंद्रिका प्रजापति करन प्रजापति, गोविंद प्रजापति ,डा. पी के प्रजापति ,जीवन बाबू प्रजापति, राम सिंह प्रजापति छोटेलाल प्रजापति भैयालाल प्रजापति ,सत्यनारायण प्रजापति ,हरिश्चंद प्रजापति, विश्वनाथ प्रजापति ,पंचम लाल कृष्ण कांत प्रजापति व प्रजापति सेवा समिति के आयोजक लल्लू प्रजापति, अयोध्या प्रसाद प्रजापति,दिनेश प्रजापति , डा.रमेश प्रजापति सहित समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



नहर सफाई का निरीक्षण करते समर्थ किसान पार्टी नेता

## नहर की सफाई की जांच के नाम पर हुई महज खानापूर्तिः अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने नहरों की सफाई कार्य ने हुई मनमानी की जांच के नाम पर की जा रही खानापूर्ति का आरोप लगाया है। साथ ही जांच अधिकारी बदले जाने की मांग की है। गौरतलब है कि इस समय नहरों की सफाई का काम चल रहा है। अजय सोनी के मुताबिक विभाग के ठेकेदार नहरों की सफाई के नाम पर महज मनमानी कर रहे हैं। इसे लेकर अजय सोनी ने जिलाधिकारी कौशांबी को एक लिखित शिकायत दी थी जिसपर शनिवार को लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता शुभम मिश्र रामगंगा नहर के परसीपुर माइनर की जांच करने पहुंचे। शुभम मिश्र ने अपने साथ उक्त नहर के ही अवर अभियंता महेंद्र यादव और ठेकेदार को भी साथ लेकर जांच शुरू की। शिकायतकर्ता अजय सोनी के मुताबिक शुभम मिश्र ने ठेकेदार और अवर अभियंता के बताए कथन को दोहराते हुए जांच के नाम पर मौके पर जो काम आधे अधूरे हुए हैं, उन्हे जल्द पूरा कराने की बात कहकर वापस लौट गए और जांच की कार्यवाही की सिर्फ औपचारिकता निभाई। इतना ही नहीं बल्कि दूसरी ओर सिराथू माइनर नहर की जांच करने के बजाय सीधे मुख्यालय वापस लौट गए और शिकायतकर्ता सिराथू माइनर नहर में जांच अधिकारी शुभम मिश्र का इंतजार करते रह गए। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि समुचित जांच नहीं किए जाने की उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी एवं जांच अधिकारी बदलने की मांग की जायेगी। इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि परसीपुर माइनर की जांच के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है और आधे अधूरे कराए गए काम को जांच अधिकारी ने मौके पर देखकर भी नजरंदाज कर दिया है जिसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस मौके पर अजय सोनी के साथ वीरेंद्र तिवारी, आदित्य तिवारी, संतोष पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# जीएसटी सर्वे छापो का डटकर होगा विरोधः रमेश अग्रहरि

## रमेश अग्रहरि ने कहा कि पिछले माह व्यापारियों ने सरकार को 24 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर दिया

### सर्वाधिक धन अफसरशाहो के घरों में जाँच उनकी हो

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि पिछले सप्ताह प्रदेश के हर जनपद और तहसील में जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को डराने धमकाने और उत्पीड़न की कार्यवाही किए जाने के विरोध में रविवार को लखनऊ के मोती नगर में स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की प्रान्तीय कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में लगभग 57 जनपदो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे । ईश वन्दना के उपरांत पिछली कार्यवाही का विवरण प्रान्तीय वरिष्ठ महामन्त्री रमेश अग्रहरि द्वारा पढ़कर सुनाया गया जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी उत्तर प्रदेश में पिछले हफ़्ते जीएसटी विभाग के छापों पर विभिन्न जनपदो के पदाधिकारियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए

प्रयागराज से विजय अरोरा , गाज़ियाबाद से अशोक चावला, नोयडा से नरेश कुच्छल , सहारनपुर से जसवंत बत्रा, काशी से राकेश जैन, गोरखपुर से मदन लाल गुप्ता, राम सिंह , मुगलसराए से रमेश पहवा, गोला से नानक चंद्र वर्मा ,लखीमपुर से संजय अग्रवाल , औरैया के रविकान्त वर्मा लाले ,



बैठक में उपस्थित व्यापारी और मंचासीन नेता।

लखनऊ से राजेंद्र अग्रवाल, अयोध्या से चंद्र प्रकाश गुप्ता, आजमगढ़ से मनोज अग्रवाल, झाँसी से विष्णु हरि जालान , ललितपुर से सुरेश बडेरा, बरेली से शोभित सक्सेना ,मुरादाबाद से दीपक अग्रवाल ,शाहजहाँपुर के वेद प्रकाश गुप्ता, मिर्जापुर से शत्रुघन केशरी , कौशाम्बी से रमेश अग्रहरि, कानपुर से सुबोध चोपड़ा, इटावा से संतोष सिंह चौहान, खागा फतेहपुर से शिवचंद्र शुक्ला, रायबरेली से बसंत सिंह बग्गा, बाराबंकी से प्रदीप जैन, गोण्डा के लालगंज के विवेक शर्मा , हरदोई के अमित गुप्ता, कानपुर देहात के आशीष गुप्ता एवं प्रान्तीय अध्यक्ष पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल सहित कई अन्य वक्ताओं ने जीएसटी के छापों का कड़ा विरोध किया। उन्नाव के रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया की उन्होंने सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों का घेराव किया । अधिकांश जनपदो में इसके विरोध में सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन दिए गये ।

प्रान्तीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने माननीय योगी आदित्यनाथ को जीएसटी विभाग के सभी सर्वे छापों को स्थगित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा की उत्तर प्रदेश का व्यापारी सरकार को जीएसटी टैक्स 24 प्रतिशत बढ़ाकर दे रहा है। इस माह के अखबारो में यह खबर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित करायी गयी है । विभिन्न जनपदो से व्यापारी नेताओ के लगातार टेलीफोन आ रहे है कि जीएसटी अधिकारी फिर छापे की तैयारियाँ कर रहे है । यदि जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने फिर बाजारों में आने की कोशिश की तो बाजार में बैठे सैकड़ों व्यापारी उनका घेराव करेंगे और उनको बाजारों से वापिस करके दम लेंगे।

बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर से प्रस्ताव पारित किया की जीएसटी विभाग के छापो को किसी हालत में स्वीकार नही किया जाएगा । सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की यदि बाजारों में अधिकारी छापो के लिए आते है तो उनका घेराव करते हुए कड़ा विरोध किया जाएगा किसी भी विभाग के छापो को व्यापारी किसी भी हालत में स्वीकार नही करेंगे।

प्रान्तीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने कहा कि इस देश में सबसे अधिक काला धन अगर कही है तो वह सरकारी नौकरशाहों के घरों में है पिछले दो वर्षों में केन्द्र सरकार ने जिन जिन अधिकारियों के यहाँ छापे मारे है उनके यहाँ अकूत काला धन बरामद हुआ है राँची के एक बड़े अधिकारी इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है । जिसके घर से काफी धन प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि मैं केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से माँग करता हूँ की भारत के सभी बड़े अधिकारियों के यहाँ छापे डाले जाए तो सरकार को अरबों खरबो का धन प्राप्त हो सकता है। प्रान्तीय वरिष्ठ महामन्त्री रमेश अग्रहरि ने कहा की मैं केन्द्र और प्रदेश सरकार से पुरजोर अपील करता हूँ की व्यापारी समाज देश का सबसे बड़ा करदाता और कामदाता है ।आँकड़ो के अनुसार भारत के 7 करोड़ व्यापारी , 7 करोड़ कर्मचारी को रोजगार देने का काम करता है । व्यापारी और कर्मचारियों को मिलाकर भारत का व्यापारी 70 करोड़ लोगों को रोजी रोटी देने का काम कर रहा है । अतः करदाता और कामदाता व्यापारियों के ऊपर किसी भी प्रकार के छापे का अभियान चलाकर छापे ना डाला जाए । यदि सामान्य रूप से अधिकारी कोई जाँच करता है तो उसपर कोई एतराज नही है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 158 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहन का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

संपादकीय

# शिक्षा से खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों के दाग

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति लागू होने एवं तरह-तरह के कानूनों के प्रावधानों के बावजूद आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र के शिक्षा के मन्दिर बच्चों पर हिंसा करने, पिटने, सजा देने के अखाडे. बने हुए है, शिक्षक अपनी मानसिक दुर्बलता एवं कुंठा की वजह से बच्चों के प्रति बर्बरता की हदें लांघ रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार शिक्षा में अभिनव क्रांति करने का ढ़िढोरा पीट रही है, लेकिन अपने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं पर सवार हिंसा की मानसिकता को दूर करने का कोई सार्थक उपक्रम नहीं कर पायी है। यही कारण है कि दिल्ली में एक प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका ने पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची को न केवल बुरी तरह पीटा, बल्कि कैंची से वार करते हुए उसे पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। ऐसी क्रूर, हिंसक एवं बर्बर घटना को अंजाम देने वाली शिक्षिका को बच्चों को पढ़ाने-लिखाने लायक माना जा सकता है? बात केवल दिल्ली की नहीं है, देश के अन्य हिस्सों से ऐसे शिक्षकों के बेलगाम हिंसक बर्ताव की खबरें अक्सर आती रहती हैं, जिसमें किसी बच्चे को पीटने या यातना देने की अपनी कुंठा को ड्यूटी का हिस्सा समझ लिया जाता है। यह कैसी शिक्षा है एवं कैसे शिक्षक है? शिक्षक का पेशा पवित्रतम एवं आदर्श माना जाता है। यह इसलिए भी कि शिक्षक के माध्यम से ही बच्चों के भविष्य की नींव तैयार होती है। यह नींव ही उनके भविष्य को मजबूत बनाने का एवं राष्ट्र को उन्नत नागरिक देने का काम करती है। लेकिन जब इस पवित्र पेशे की गरिमा को आघात पहुंचाने का काम हिंसक एवं अनियंत्रित मानसिकता, कुंठित एवं क्रूर, लोभी प्रवृत्ति के शिक्षक करते हैं तो शिक्षा के संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं समर्पण के गायब होते भाव पर चिंता होना स्वाभाविक है। आज के निजी विद्यालय अपने परीक्षा परिणाम को अव्वल लाने के लिये छात्रों पर तरह-तरह के गैरकानूनी प्रयोग करने की छूट शिक्षकों को दे देते हैं। दूसरी ओर अपने निजी लाभ के लिये शिक्षक छात्रों के परीक्षा परिणामों से छेडछाड करने, कक्षाओं में छात्रों के साथ भेदभाव करने, उनको बेवजह सजा देने का दुस्साहस भी करते हैं ताकि छात्र उन शिक्षकों से ट्यूशन लेने को विवश हो सके। ऐसे हिंसक एवं लोभी शिक्षकों को कानून ही उचित सजा दे सकती है। शिक्षा को नफा-नुकसान के नजरिए से देखने के मामले नये नहीं है। ऐसा ही मामला मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले में सामने आया है जिसमें अदालत के फैसले ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि समूचे देश के लिए नजीर भी पेश की है। बारह बरस पुराने मामले में इस जिले में एक स्कूल की महिला शिक्षक ने अपने शिक्षक पति की मदद से 12वीं कक्षा के 16 छात्रों के एक पेपर की उत्तर पुस्तिका के पन्ने ही फड़वा दिए। इन बच्चों ने महिला शिक्षक से कोचिंग लेने के दबाव को नजरअंदाज कर दिया था। अदालत ने शिक्षक दंपती के कृत्य को आपराधिक करार देते हुए उन्हें पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई। यह देश में अपने किस्म का अनूठा उदाहरण है, जो किसी भी हद तक जाने को उतारू नजर आते कुछ शिक्षकों के बेलगाम से बन गए कदमों को थामने का काम करेगा। अपनी आर्थिक जरूरतें व महत्त्वाकांक्षाएं हद से ज्यादा बढ़ा देने और फिर इनकी पूर्ति के लिए पथभ्रष्ट होने वालों की लंबी खेप को आगाह करेगा कि किसी दिन जेल की सलाखों के पीछे वे भी हो सकते हैं। ठीक इसी तरह छात्रों पर अपनी कुंठा एवं मानसिक दुर्बलताओं के चलते हिंसा एवं अत्याचार करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं पर भी न्याय व्यवस्था को उचित संज्ञान लेते हुए उन्हें कठोर सजा देनी ही चाहिए। अहिंसा, संतुलन एवं संवेदनाओं को जगाने का जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व निभाने वाले शिक्षक को पढ़ाने की जिम्मेदारी तभी दी जानी चाहिए जब वे इसको निभाने में सक्षम हो। अन्यथा दिल्ली के एक प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका ने अनियंत्रण होकर जो किया है, उससे बच्ची की मौत हो सकती थी। गनीमत रही कि छत से फेंके जाने के बाद भी बच्ची किसी तरह जिंदा बच गई। स्कूल परिसर में शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों और बर्ताव को लेकर सजग और संयत न रह पाये तो ऐसे शिक्षक को तुरंत इस महत्वपूर्ण दायित्व से मुक्ति दे देनी चाहिए। इस खौफनाक एवं बर्बर घटना के बाद आरोपी शिक्षिका के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जरूर शुरू कर दी गई है, लेकिन मामले के ब्योरे से प्रथम दृष्टया यही लगता है कि एक सामान्य मनोदशा का व्यक्ति किसी बच्चे के प्रति ऐसा बर्ताव नहीं कर सकता। अव्वल तो एक शिक्षक के लिए बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के साथ-साथ उनके साथ पेश आने के सलीके का ध्यान रखना जरूरी होता है। यह न केवल पेशागत जिम्मेदारी है, बल्कि कानूनी तौर पर भी बच्चों को स्कूल में पीटना तो दूर, डांटने-फटकने पर भी सख्त मनाही है। अगर कोई शिक्षक इसका ध्यान नहीं रखता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सवाल है कि एक शिक्षक की जिम्मेदारी और संवेदनाओं को भूल कर कोई व्यक्ति अगर बच्चों के खिलाफ इस तरह के बर्बर व्यवहार करने लगे तो किस कसौटी पर उसे शिक्षक होने के योग्य कहा जा सकता है! ऐसा लगता है कि न नये इंसानों को गढ़ने की सही प्रक्रिया है और न इंसान गढ़ने के प्रति शिक्षक के भीतर सच्ची निष्ठा। ऐसी स्थिति में शिक्षा का दायित्व कैसे अपने मुकाम पर पहुंचे? इसी कारण शिक्षा की सीख एवं साख नहीं बन पा रही है। शिक्षक का दायित्व निभाने वालों की सोच एवं समझ के दायरे बदल गये हैं। शिक्षा के आदर्श, सिद्धान्त एवं शैली के प्रति बनी नई मान्यताओं ने नये मानक बना लिये हैं। सुविधावाद ने दृष्टि एवं दर्शन दोनों को बदल डाले हैं। उपयोगिता एवं आवश्यकता से ज्यादा आकांक्षा को मूल्य मिलने लगा है, इसी कारण शिक्षक का दिल और दिमाग किसी न किसी अपसंस्कार से पीड़ित है।

# चीन और पाकिस्तान वैश्विक नकेल की जरूरत



प्रेम शर्मा

**चीन और** पाकिस्तान केवल भारत देश के लिए नही बल्कि वैश्विक स्तर पर खतरा बन चुके है। एक तरफ जहॉ चीन की विस्तारवादी नीति ने उसे हिंसक बना दिया है वही पाकिस्तान की आतंक परस्त नीति के कारण वह दूसरों की दया पर निर्भर कंगाली के दौर से गुजर रहा है। एक गूरू की भूमिका निभा रहा है तो दूसरा चेलागिरी कर रहा है। ये दोनों ही देश वैश्विक स्तर पर बेपर्दा हो चुके है। चीन भारतीय सीमा पर लगातार विस्तार की नीति अपना रहा है। पहले डोकलाभ, गलवान और अब तंवाग के ताजा घटना क्रम में भारतीय सेना से मूंह की खाने के बाद उसके चेले पाकिस्तान की तरफ से भारतीय प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी इस बॉत का प्रमाण है कि चीन और पाकिस्तान एक सिक्के के दो पहलू है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर लगाम लगाने के लिए विश्व के समस्त देशों को एक मच पर आकर चीन और पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान की हिमालय से ऊंची और अरब सागर से गहरी दोस्ती के उदाहरण तो आपने बहुत सुन रखे होंगे मगर चीन के दुनिया पर बढ़ते प्रभाव के बारे में जारी सूची चाइना इंडेक्स 2022 में पाकिस्तान दुनिया के उन देशों में सबसे ऊपर है। जहॉं चीन का प्रभाव सबसे अधिक है। समय-समय पर पाकिस्तान को फटकार लगाते रहने वाले भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है। पाकिस्तान तब तक सही राह पर नहीं आने वाला जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते। अमेरिका के एक सरकारी दस्तावेज ने पाकिस्तान और चीन की धड़कनों को बढ़ाने का काम किया है। हालांकि, दोनों की वजह अलग है लेकिन परेशानी दोनों के लिए ही है। दरअसल, अमेरिका ने कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2022 रिपोर्ट को जारी किया था। इस अहम दस्तावेज में चीन को अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इस दस्ष्तावेज ने जहां अमेरिका-चीन के रिश्ष्तों की खाई को बढ़ाने का काम किया है वहीं उसकी चिंता भी बढ़ा दी है। इस दस्तावेज में पाकिस्तान का कहीं कोई नाम नहीं है। उसकी सबसे बड़ी समस्या और चिंता यही है। दरअसल, पिछले कुछ माह में जिस तरह से दोनों के बीच संबंधों में गरमाहट आई थी, उसको देखते हुए कहा जा रहा था कि दोनों के बीच हालात फिर सामान्य होने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान ने भी इन पर काफी बढ़चढ़कर बयान दिए थे। पाकिस्तान ने यहां तक कहा था कि वो अमेरिका का करीबी और अहम सहयोगी है। लेकिन, ताजा दस्तावेज ने इसकी पोल खोल दी है। पाकिस्तान को इस दस्ष्तावेज में कहीं कोई सहयोगी करार नहीं दिया गया है। पाकिस्तान के लिए ये उसकी उम्मीदों पर पानी फिरने जैसा ही है। इस दस्तावेज से पाकिस्तान को लेकर जो संकेत आ रहे हैं वो कुछ वैसे ही हैं जो इस वर्ष की शुरूआत में थे। ज्ञात हो कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई और फिर एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने पाकिस्तान को न केवल आतंकवाद का केंद्र बताया, बल्कि आर्तंकियों को अभी भी पालने-पोसने वाला देश साबित किया। उनकी तथ्यात्मक और तीखी बातों से पाकिस्तान किस तरह बौखलाया, इसे उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गईं स्तरहीन टिप्पणियों से चलता है। बिलावल भुट्टो ने अपनी अवांछित टिप्पणियों से यही साबित किया कि उन्हें कूटनीतिक शिष्टाचार की बुनियादी समझ भी नहीं। उन्होंने अपने साथ पाकिस्तान के छिछले स्तर को ही प्रमाणित किया।किसी भी देश के विदेश मंत्री से ऐसी गिरी हुई हरकत की उम्मीद नहीं की जाती, लेकिन पाकिस्तान के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। वास्तव में बिलावल भुट्टो ने कूटनीतिक क्षुद्रता के मामले में अपने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को ही मात देने की कोशिश की और वह भी उस समय जब विश्व बांग्लादेश की स्वतंत्रता का स्मरण कर रहा था। जुल्फिकार अली भुट्टो का नाती होने के नाते बिलावल भुट्टो को यह अच्छी तरह पता होना चाहिए कि पाकिस्तानी सेना ने तब के पूर्वी पाकिस्तान और आज के बांग्लादेश में कैसे भीषण अत्याचार किए थे। वह इससे भी अनजान नहीं हो सकते कि संयुक्त राष्ट्र के हिसाब से भी पाकिस्तान दर्जनों आतंकियों की शरणस्थली है। बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बेजा टिप्पणियां करने के साथ ही जिस तरह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में सुधार की कहीं कोई गुंजाइश नहीं। पाकिस्तान को पता होना चाहिए कि भारत की उसमें कहीं कोई दिलचस्पी नहीं। होनी भी नहीं चाहिए, क्योंकि वह अपने ही कर्मों से समस्याओं के गहरे दलदल में धंसता जा रहा है। पाकिस्तान भले ही एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया हो, लेकिन दुनिया उसे आतंकवाद के केंद्र के रूप में ही देखती है और इसी कारण कोई देश उसके इस प्रलाप को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इससे संतुष्ट नहीं हो सकता कि उसे पाकिस्तान को एक बार फिर विश्व मंच पर बेनकाब करने का अवसर मिला, क्योंकि दुनिया के अन्य प्रमुख देश उसकी हरकतों पर उसे आड़े हाथ लेने के लिए उस तरह आगे नहीं आ रहे हैं, जैसा अपेक्षित है। स्पष्ट है कि समय-समय पर पाकिस्तान को फटकार लगाते रहने वाले भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है? ध्यान रहे कि वह तब तक सही राह पर नहीं आने वाला, जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते। ब बात करे चीन के बारे में तो चीन को सही सबक सिखाने के लिए उस पर आर्थिक निर्भरता कम करना जरूरी है।बेलगाम चीन को सही संदेश देने के लिए भारत को उन देशों से संपर्क-संवाद बढ़ाकर आर्थिक एवं सैन्य सहयोग कायम करने के लिए भी सक्रिय होना चाहिए जो उसकी दादागीरी से पीड़ित हैं। इसके अतिरिक्त भारत को तिब्बत और ताइवान के मसले पर भी मुखर होना होगा।

> अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सेना की आक्रामक हरकत ने दो वर्ष पहले लद्दाख के गलवन में हुई खूनी झड़प की याद दिलाने के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया कि चीन अपनी शुत्रतापूर्ण गतिविधियों से बाज आने वाला नहीं है। तवांग की घटना ने यह भी साफ कर दिया कि चीनी सेना आगे भी भारतीय सीमा में अतिक्रमण करने की कोशिश कर सकती है। यह ठीक है कि गलवन की घटना के बाद से भारतीय सेनाएं सतर्क हैं

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सेना की आक्रामक हरकत ने दो वर्ष पहले लद्दाख के गलवन में हुई खूनी झड़प की याद दिलाने के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया कि चीन अपनी शुत्रतापूर्ण गतिविधियों से बाज आने वाला नहीं है। तवांग की घटना ने यह भी साफ कर दिया कि चीनी सेना आगे भी भारतीय सीमा में अतिक्रमण करने की कोशिश कर सकती है। यह ठीक है कि गलवन की घटना के बाद से भारतीय सेनाएं सतर्क हैं, लेकिन अब केवल सतर्कता बरतना ही पर्याप्त नहीं। हमारी सेनाओं को चीनी सेना के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक रवैया अपनाना होगा। ऐसा लगता है कि गलवन में उसे वैसा सबक नहीं सिखाया जा सका, जैसा जरूरी था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उसे सही सबक सिखाया जाए। यह केवल सीमाओं पर चौकसी बरतने से नहीं, बल्कि उस पर आर्थिक निर्भरता कम करने से भी होगा। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि गलवन की घटना के बाद आयातित चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने के जो तमाम कदम उठाए गए, उनसे वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। अफसोस कि ऐसा आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू करने के बाद भी नहीं हुआ। यह सही समय है कि उन कारणों का निवारण किया जाए, जिनके चलते चीनी वस्तुओं पर भारत की निर्भरता कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस दिशा में ठोस उपाय इसलिए भी किए जाने चाहिए, क्योंकि व्यापार के मामले में पलड़ा चीन की ओर झुका हुआ है। यह भी समझा जाना चाहिए कि चीनी एप्स पर पाबंदी लगाना पर्याप्त नहीं साबित हुआ।बेलगाम चीन को सही संदेश देने के लिए भारत को उन देशों से संपर्क-संवाद बढ़ाकर आर्थिक एवं सैन्य सहयोग कायम करने के लिए भी सक्रिय होना चाहिए, जो उसकी दादागीरी से पीड़ित हैं। इसके अतिरिक्त भारत को तिब्बत और ताइवान के मसले पर भी मुखर होना होगा। इस सबके साथ ही यह भी आवश्यक है कि चीन के मामले में देश का राजनीतिक नेतृत्व एक सुर से बोलना सीखे। यह देखना दुखद है कि जब राजनीतिक नेतृत्व को एकजुट होने के साथ ऐसा दिखना भी चाहिए, तब वह सरकार को घेरने में लगा हुआ है। कांग्रेस सरकार पर कुछ ज्यादा ही हमलावर है।

कभी-कभी ऐसा लगता है कि उसके इस हमलावर रवैये का कारण यह है कि चीन के संदर्भ में उसकी अपनी रीति-नीति को लेकर सवाल न उठने पाएं।इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी भारत सरकार को सूचित किए बिना चीनी राजदूत से मुलाकात कर आए थे। यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता करने की क्या जरूरत थी ? कुल मिलाकर राष्ट्रहित को देखते हुए चीन और पाकिस्तान के प्रति आस्था दिखाना देश द्रोह से कम नही है।

# एमपी में गुजरात मॉडल का मतलब शिवराज फार्मूले में बदलाव

नरेंद्र तिवारीर

**मध्यप्रदेश** के आगामी विधानसभा चुनाव में गुजरात मॉडल अपनाए जाने का बहुत शोर सुनाई दे रहा है। ऐसी आवाजें भाजपा के अंदर से ही सुनाई दे रहीं है। गुजरात मॉडल का इतना हल्ला होने का मूल कारण भाजपा द्वारा 14 माह पूर्व गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल में व्यापक फेरबदल और फिर विधानसभा चुनाव में सत्ता विरोधी मतदान से बचने के लिए 5 मंत्रियों सहित करीब 36 मौजूदा विधायकों का टिकिट काट दिए जाने के क्रांतिकारी परिवर्तन के बाद ऐतिहासिक सफलता हासिल करना है। भाजपा नैतृत्व को लगता है, उक्त परिवर्तन गुजरात राज्य में सफल रहा जिसने सत्ता विरोधी लहर को खत्म करते हुए गुजरात मे बीजेपी की प्रचंड विजय का रास्ता तैयार किया है। गुजरात की प्रचंड विजय से प्रफुल्लित भाजपा आलाकमान और नेतागण इस मॉडल को पूरे देश मे प्रयोग करने की बात कहने लगे है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश के हरदा में गुजरात मॉडल को पूरे देश मे लागू करने की बात कही। प्रदेश के मैहर विधानसभा के विधायक नारायण त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश में गुजरात मॉडल के प्रयोग की वकालत करतें हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को सत्ता और संगठन दोनों में गुजरात मॉडल लागू करने संबन्धी पत्र लिखकर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि मध्यप्रदेश में गुजरात मॉडल के प्रयोग को लेकर भाजपा संगठन से ही क्यों मांग उठ रही है ? क्या प्रदेश में 2003, 2008 ओर 2013 विधानसभा में सफलता का शिवराज फामूर्ला अब विफल हो गया है ? क्या गुजरात मे चुनाव से 14 माह पूर्व मुख्यमंत्री सहित सम्पूर्ण मंत्रिमंडल को बदलने का प्रयोग एमपी में भी अपनाने पर विचार किया जा रहा है ? क्या विधानसभा चुनाव 2023 में सत्ता विरोधी लहर से निपटने के लिए कमजोर प्रदर्शन करने वाले मौजूदा विधायकों, मंत्रियों के टिकिटों को काटकर नए चेहरों पर दांव खेला जाएगा ? गुजरात मॉडल के प्रयोग की उठती मांगों के बीच इन प्रश्नों पर भी चचाओं का बाजार गर्म है। गर्म चचाओं के बाजार में मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने की चर्चा भी जोरों पर चल रही है। मध्यप्रदेश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज रहने वाले शिवराज सिंह का नैतृत्व क्या अब उतना प्रभावी नहीं रहा जितना विगत चुनावों में दिखाई दे रहा था। प्रदेश में शिवराज फामूर्ले का कमजोर प्रदर्शन तो 2018 के विधानसभा चुनाव में ही दिख गया था। जब जनता ने शिवराज के नैतृत्व को अस्वीकार कर दिया था। कॉंग्रेस से ज्योतिरादित्य सिंधिया की नाराजगी ने भाजपा और शिवराज को पुनः मध्यप्रदेश राज्य की सत्ता पर काबिज करा दिया। याने 2018 में ही प्रदेश में कॉंग्रेस के मुकाबले कम सीट लाकर शिवराज फामूर्ला असफल हो चुका था। दरअसल जनता में अब शिवराज के चेहरे का पुराना जादू कम होता जा रहा है। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी कार्यशैली में जनप्रतिनिधियों के स्थान पर प्रशासनिक अधिकारियों का हस्तक्षेप अधिक दिखाई देने लगा। भाजपा के विधायकों और सांसदों को अपने कार्यो के लिए जिला कलेक्टरों के भरोसे रहना पड़ रहा हैं। ऐसा कहा जाता हैं कि यह जिला कलेक्टर ही मुख्यमंत्री को प्रशासनिक, संगठन और राजनैतिक गतिविधियों की जानकारी देतें है। असल में विगत कुछ बरसों से शिवराज फामूर्ले में संगठन के स्थान पर प्रशासन का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। दूसरा शिवराज सिंह की कार्यप्रणाली में मौलिकता का अभाव भी साफ दिखाई देने लगा है। शिवराज जैसे उदारवादी जनप्रिय मुख्यमंत्री में आक्रमकता हावी हो गयी है। यह उनकी मौलिक शैली में हुए बदलाव को प्रदर्शित करतीं है। जनता में अपने मुख्यमंत्री की बदली छवि बेहद कौतूहल का विषय बनी हुई हैं। प्रदेश में प्रशासनिक हस्तक्षेप की अधिकता के परिणाम स्वरुप सरकारी तंत्र में नेताओं का प्रभाव कम होता दिखाई दें रहा है। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। काम कम घोषणाएं ज्यादा का चस्पा शिवराज सिंह पर लग चुका है। अब जबकि 2023 में प्रदेश में विधानसभा का चुनाव होना है, शिवराज सिंह स्वयं और उनकी सरकार की गिरती साख प्रदेश में गुजरात मॉडल के प्रयोग की संम्भावनाओं को बढ़ा रही है। सच यह भी है कि हर राज्य की अपनी परिस्थिति होती है। गुजरात में सफल रही भाजपा का कोई भी प्रयोग हिमालय में सफल क्यों नही हो पाया। क्यों दिल्ली के एमसीडी चुनाव में भाजपा आप से पीछे रह गयी। इस लिहाज से एमपी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य सरकार की गिरती साख के बावजूद भी आक्रमकता से गुजरात मॉडल लागू करना कठिन भी होगा। एमपी में शिवराज फामूर्ला ओर गुजरात मॉडल के बीच के रास्ता अपनाए जाने की अधिक सम्भावनाए दिखाई देती है। दरअसल मुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय से काबिज शिवराज सिंह चौहान को बदलने के पूर्व एक नए चेहरे की तलाश भाजपा राष्ट्रीय नैतृत्व को करना होगी। एक ऐसा चेहरा जो प्रदेश के क्षेत्रीय नेताओं में संतुलन स्थापित कर सकें। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद प्रदेश के क्षेत्रीय नेताओं में संतुलन बनाने में कॉंमयाब रहें है। इसलिए भी गुजरात फॉमूले को गुजरात जैसी आक्रमकता से मध्यप्रदेश में अपनाने की कम सम्भावना है। इसके बावजूद भाजपा का केंद्रीय नैतृत्व नवीन प्रयोग करने में किसी प्रकार का गुरेज नहीं करता है। केंद्रीय एजेंसियों के सर्वे सहित पार्टियों के निजी सर्वे में थोड़ी भी शंका होने पर वह किसी भी प्रयोग से नहीं हिचकेंगे। वर्ष 2018 के परिणाम शिवराज सरकार की तुलना करने के बड़े आधार भी हो सकतें है। इसलिए जनवरी 2023 से मध्यप्रदेश की राजनीति काफी उथल पुथल से भरी रहने की संभावना है। आने वाला समय इस बात का साक्षी होगा कि एमपी के 2023 के चुनावी महासमर में भाजपा गुजरात मॉडल को अपनाएगी या शिवराज फामूर्ले पर चलती रहेगी। एक तीसरा रास्ता भी है जो गुजरात मॉडल और शिवराज फामूर्ले के मध्य का है। मतलब शिवराज बने रहेंगे कमजोर प्रदर्शन करने वाले मंत्री विधायकों को टिकिट नही दिया जाएगा। नवीन चेहरों को लेकर चुनावी महासमर में उतरा जाएगा। ताकि जनता के मध्य सरकार विरोधी रुख को बदला जा सकें। हर राजनीतिक दल चुनाव में विजय के लिए भाग लेतें है। इस हेतु सभी प्रयोगों ओर फामूर्लों को अपनाया जाता है। जिस फामूर्ले से चुनाव में सफलता प्राप्त हो उसका प्रयोग सबसे अधिक होता है। एमपी में भाजपा ने शिवराज फामूर्ले से 2003, 2008, 2013 में सफलता प्राप्त की थी। यह फामूर्ला 2018 में विफल रहा है। कांग्रेस पार्टी के आंतरिक विरोध के फलस्वरूप बनी शिवराज सरकार के पास अभी वर्षभर का समय हैं। क्या एक साल में शिवराज जनता में अपनी सरकार के प्रति विरोध को खत्म करने में कॉंमयाब होकर अपनी प्रासंगिकता को बनाए रखेंगे। इन प्रश्नों मिल सकेंगे। मध्यप्रदेश की राजनीति के लिहाज से आगामी वर्ष चेहरे, सत्ता ओर नैतृत्व परिवर्तन की संम्भावनाओं से भरा हुआ होगा।

# नफरत और अफवाहबाजी की गिरफ़्त में सोशल मीडया

तनवीर जाफरी

**वर्तमान** युग में कंप्यूटर -इंटरनेट के सबसे बड़े चमत्कार के रूप में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स को देखा जा रहा है। इसके माध्यम से जहां दूरस्थ इलाकों की जो खबरें व सूचनायें कई कई दिनों बाद जिला व प्रदेश मुख्यालयों में पहुंचा करती थीं वे अब बिना समय गंवाये,तत्काल या लाईव पहुँच जाती हैं। कोरोना काल के समय से शुरू हुआ 'वर्क फ्रॉम होम ' और 'स्टडी फ्रॉम होम' का चलन भी इसी कंप्यूटर -इंटरनेट तकनीक और इससे संबंधित विभिन्न ऐप की देन है। दुनिया के लाखों लोग जो अपने परिवार से दस -बीस-पचास-साठ वर्ष पूर्व किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितिवश बिछड़ गये थे वे फेस बुक जैसे सोशल मीडिया के अन्य चमत्कारिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने परिवार से मिल चुके हैं। शिक्षा,व्यवसाय,विद्युत,स्वास्थ्य,प्रशासनिक काम काज, बैंक, सेना, रेल, विमानन,अंतरिक्ष आदि दुनिया का शायद कोई भी क्षेत्र इस समय कंप्यूटर -इंटरनेट और सोशल मीडिया से अछूता नहीं है। परन्तु कभी कभी इसी कंप्यूटर -इंटरनेट पर आश्रित सोशल मीडिया के फेसबुक,टुइटर व व्हाट्स ऐप जैसे अनेक माध्यमों के होने वाले दुरूपयोग को देखकर तो ऐसा प्रतीत होता है गोया हमारे वैज्ञानिकों ने बन्दर के हाथ में अस्तूरा थमा दिया है। इस समय जहाँ सोशल मीडिया सैक्स,ठगी और दूसरे कई साइबर अपराधों की जद में आ चुका है और तमाम लोग अपनी नकली आई डी बना कर आम लोगों को विभिन्न तरीकों से अपने जाल में फंसाने की कोशिश में लगे हुये हैं वहीं इस माध्यम का इस्तेमाल बड़े ही सुनियोजित तरीके से नफरत और अफवाह फैलाने के लिये भी किया जा रहा है।और इन नफरत और अफवाहबाजी का सिर्फ एक मकसद होता है,समाज को धर्म समुदाय के आधार पर विभाजित करना,उनमें परस्पर एक दूसरे के प्रति नफरतपूर्ण उत्तेजना फैलाना और इस प्रदूषित वातावरण को दंगे,फसाद तथा सामुदायिक हिंसा तक पहुँचाना। कुछ पेशेवर किस्म के खाली बैठे लोग जिनका किसी सेवा या रोजगार से कोई वास्ता नहीं ऐसे लोग खास तौर पर फेसबुक,व्हाट्स ऐप और टुइटर जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्म्स का दुरूपयोग करते रहते हैं और सोशल मीडिया पर मिलने वाले 'कचरा ज्ञान ' को बिना सोचे समझे और उन समाचारों व विषयों की पुष्टि किये बिना कॉपी पेस्ट या फॉरवर्ड करने लग जाते हैं। इसी क्रम में न जाने कितनी हिंसक वीडिओ जो किसी दूसरे देशों की पुरानी वीडिओज होती हैं उन्हें अपने देश की ताजी वीडिओज बताकर देश का माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है। इस नफरत और अफवाहबाजी को प्रसारित करने के लिये अनेक लोग व इसी मिशन से जुड़े अनेक संग्ठन,, कंप्यूटर -इंटरनेट के इस दुरूपयोग को 'अभिव्यक्ति ' की स्वतंत्रता का नाम देते हैं। दूसरी ओर कुछ लोग समाज में ऐसे भी हैं जो दूसरों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सिर्फ इसलिये उंगली उठाते हैं क्योंकि व्यक्त किये गये विचार उनके अपने विचारों व सोच के अनुरूप नहीं होते। इसलिये दूसरों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कद्र करने के बजाये स्वयं अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बताकर उसका विरोध शुरू कर देते हैं। यही वजह है कि गत दिनों कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के उद्घाटन के अवसर पर आम तौर पर विवादित विषयों पर खामोश रहने वाले सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि ह्लअब भी नागरिकों की स्वतंत्रता पर सवाल उठाए जाते हैं। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीनी सैनिकों के बीच गत 9 दिसंबर को हाथापाई होने का समाचार आया था । प्राप्त खबरों के अनुसार इस दौरान भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुये चीनी सैनिकों को उनकी सीमा की ओर खदेड़ दिया था। बताया जाता है कि चीन के लगभग 300 सैनिक तवांग के यांगत्से में भारतीय पोस्ट को वहां से हटाने के मकसद से पहुंचे थे। परन्तु भारतीय व चीनी सेना के बीच चली धक्का मुक्की का एक पुराना वीडिओ जोकि पूर्व में होने वाली भारतीय चीनी सेना की झड़प का वीडिओ था उसे इस तवांग की ताजी खबर के साथ जोड़कर खूब वायरल किया गया।

## छोटी-छोटी बातों की दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार

**पति** ने पत्नी को जोरदार चांटा लगाते हुए कहा कि पति-पत्नी के संबंध चार लोगों की बीच की गई शादी या फिर फोटो एल्बम में सजी तस्वीरों पर नहीं टिकती। अगर ऐसा ही होता तो पुराने जमाने में कोई शादी न करता। शादी हो या कोई और संबंध यह तो एक-दूसरे के विश्वास पर टिकता है। इसलिए बार-बार यह कहना बंद करो कि जब मैं तुम्हें चार लोगों के बीच बेइज्जत करूँगी या करूँगा तब पता चलेगा कि मैं क्या चीज हूँ। पति या पत्नी की इज्जत उतारने से भला किसे कौनसा सुख मिलेगा? तुरंत पत्नी ने पलटवार करते हुए कहा झ हाँ सही कहते हैं आप। लेकिन यह बोलने वाले पर निर्भर करता है कि वह सच्चा है या झूठा। झूठ की नींव पर खड़ी सच की गगनचुंबी इमारत भी पल में ढह सकती है। अच्छा! तो ऐसा मैंने क्या झूठ कह दिया जो तुम मुझसे झगड़ रही हो? यही न कि मैंने वाट्सप पर रानी रंग की साड़ी भेजी थी और तुम उसे गुलाबी समझ बैठी। सोचा कि शायद मैं ही गलत हूँ। तुम सही कह रही हो। इसलिए मैं इसे गुलाबी समझ बैठा। फोन का कैमरा फोटो ही ऐसा खींचता है कि वह तुम्हें कुछ का कुछ दिख गया। इसके लिए मुझे झूठा कहना कहाँ तक सही है? वैसे भी जब आदमी को भरपेट खाने को खाना, रहने को घर और पहनने के लिए महंगे-महंगे कपड़े मिलने लगे तो उसके पास ऐसे नुस्ख निकालने के सिवाय दूसरा काम ही क्या रह जाता है। हर छोटी-छोटी बातों पर नुस्ख निकालना और उसके बारे में घंटों मायके में शिकायत करना इसी का उदाहरण है।

## फटाफट खबरें

### चोरों ने दो घरों से लाखो का माल किया पार,पुलिस कर रही जांच पड़ताल



**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव अचलगंज ।** थाना क्षेत्र के गांव बेथर में चोरों ने दो घरों से सोने चांदी के जेवरात के साथ नगदी मिलाकर करीब 30 लाख रुपए का माल पार कर दिया। मौके पर जा कर क्षेत्राधिकारी और इंस्पेक्टर ने पड़ताल की। फिलहाल पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बेथर गांव के रहने वाले सोनू के घर में सभी लोग खाना खाने के बाद अपने अपने कमरों में सोने चले गए। किसी को एहसास ही नहीं हुआ की घर के अन्दर कोई घुसा है। रात में चोरों ने घर में रखी अलमारी के ताले तोड कर सोने, चांदी, और नगदी ले गए। सुबह जब घर वालों की आंख खुली तो देखा अलमारी में रखा समान फैला हुआ था। देर नहीं लगी सब समझ गए की घर का समान चोरी हो गया है। सोनू के मुताबिक घर में अलमारी और बक्से के ताले टूटे हुए थे। जिसमें 500 ग्राम सोने के गहने तीन किलो चांदी 2.16 लाख नगद रुपए भी रखे हुए थे। सब समान चोर चोरी कर ले गए। उसी गांव में अरुण के सूनसान पडे घर में भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। अरुण बाहर रहता है जब उसको जानकारी दी गई तब वह गांव पहुंचा। और पुलिस को तहरीर दी।

### पुलिस ने दम्पति में सुलह करा शादी को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिला थाना पुलिस टीम ने पति-पत्नी के विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

रविवार को थाना भरतकूप के रसिन गांव की श्रीमती निराशा ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पति सुनील पुत्र हरीमोहन निवासी अमिलिहापुरवा उसके साथ विवाद कर मारपीट करके घर से निकाल दिया है। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता श्रीवास्तव ने शिकायत को समझकर पति पक्ष को महिला थाना बुलाया।

दोनों पक्षों को थाने में समझा-बुझाकर भविष्य में विवाद न करने की सलाह देते हुए पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह के बाद दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। समझौता कराने वाली टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता श्रीवास्तव, महिला सिपाही मोनिका तोमर व नीतू द्विवेदी शामिल रहीं।

### सडक में खडे ट्रैक्टर से मोटरबाइक भिडी, दो घायल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में सडक में खडे ट्रैक्टर से बेकाबू बाइक के भिडने से दो युवक गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मानिकपुर सीएचसी में भर्ती कराया है।

ये हादसा शनिवार को देर शाम सरैंया पुलिस चैकी क्षेत्र के गर्गनपुरवा में हुआ। बताया गया कि बाइक सवार मानिकपुर से कर्वी की ओर जा रहे थे। कालीघाटी उतरने के बाद गर्गनपुरवा के पास लइट की चमक से सडक पर बेडा खडे ट्रैक्टर से मोटरबाइक टकरा गई। दोनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गये। घायल बलबीर (35) निवासी करनपुर थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर ने बताया कि वह मशीन आपरेटर है। मानिकपुर में एक घर में लेंटर डालने के बाद सहयोगी संतराम (35) निवासी अरवारा जिला चित्रकूट के साथ कर्वी आ रहा था। मोटरबाइक बलबीर चला रहा था। उसका बाया पैर घुटने के नीचे टूट गया है। शरीर में गम्भीर चोटें आई हैं। पीछे बैठे संतराम के माथे और शरीर में कई जगह चोंट के निशान हैं। मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बलबीर की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### मानिकपुर एसडीएम ने दबंगों से खाली कराई बंजर भूमि

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में गांव समाज की बंजर भूमि पर दबंगों के अवैध कब्जा करने पर तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर बंजर भूमि को खाली करवाया। ये मामला है मानिकपुर तहसील के मनगवां गांव का। बताया गया कि गांव समाज की बंजर भूमि पर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए थे। एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रभारी तहसीलदार विवेक कुमार ने बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बुलडोजर से बंजर जमीन से अवैध कब्जे को हटवा दिया। एसडीएम मानिकपुर प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मनगवां गांव में कुछ लोगों के गांव समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली थी। प्रभारी तहसीलदार विवेक कुमार व नायब तहसीलदार तथा क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता को मौके पर भेजकर मनगवां गांव की बंजर पर दर्ज भूमि गाटा संख्या 179 को नपवाकर खाली करवा दिया गया है। गांव के ही सात लोग बंजर भूमि पर अवैध कब्जे किये थे। तहसीलदार ने गांव के लोगों को कडे निर्देश दिये हैं कि गांव समाज की खाली पडी भूमि पर अवैध कब्जे न करें। अन्यथा उनके खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल

**नगीना। मधुमक्खियों** का डिंगारा तोड़कर बाइक से धामपुर की ओर जा रहे दोनों बाइक सवारो को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को ऊंचाहार हेतु सीएससी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। देर शाम अंकित कुमार पुत्र ओंकार वह तरविंदर पुत्र जितेंद्र निवासी नयागांव अकबरपुर काट नेशनल हाईवे धामपुर रोड स्थित ग्राम अलीगढ़ से मधुमक्खियों का डिंगारा तोड़कर अपनी बाइक से वापस धामपुर की ओर जा रहे थे।

# भव्य कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत अष्टोत्तर शत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत अष्टोत्तर शत ज्ञान यज्ञ के शुभारम्भ पर तीर्थक्षेत्र चित्रकूट में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार से श्रीमद्भागवत अष्टोत्तर शत ज्ञान यज्ञ शुरू होगा। भागवतरत्न आचार्य नवलेश दीक्षित के अष्टोत्तर शत ज्ञान यज्ञ में भाग लेने को देश भर से श्रद्धालु आए हैं।

रविवार को भव्य कलश यात्रा की शुरूवात श्रीकामदगिरि परिक्रमा मार्ग में स्थित बरहा हनुमान मंदिर से हुई। हजारों की तादाद में पीत वस्त्रधारी महिलाओं व पुरूषों का विशाल समूह यात्रा में शामिल हुआ। हनुमानजी की स्तुति के बाद सुंदर कलशों, नारियल का पूजन-अर्चन कर चित्रकूट में मौजूद सभी अखाड़ों के निशानों का पूजन अर्चन हुआ। हाथी, घोड़े, बैंडबाजा की धुन पर श्रीश्याम राधा जी के मनमोहन भजनों पर नाचती गाती महिलाओं का समूह सिर पर कलश व नारियल रखे हुए निकला। शोभा यात्रा में पिपरिया मप्र से आए लेजम व डमरू आदि के कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा का पूरी परिक्रमा में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत हुआ।

कई स्थानों पर शोभायात्रा में चल रहे भक्तों के लिए स्वल्पाहार का भी प्रबंध हुआ। पीलीकोठी, सरयूधारा, चतुर्थ मुखार बिंद,



दधिमुख हनुमान मंदिर, बांके बिहारी, कामतानाथ प्रमुख द्वार, श्रीकामतानाथ प्राचीन द्वार, महलों वाला मंदिर, भरत मिलाप, कामतानाथ तृतीय मुखारबिंद समेत खोही में विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। लगभग तीन घंटे की शोभा यात्रा भागवत पीठ जगनिवास पहुंची।

इस मौके पर आचार्य गौरव शुक्ला, अशोक दीक्षित, अनिल दीक्षित, विनोद शुक्ला, रामगनेश, डा सुरेंद्र अग्रवाल, डा सीताराम, अशोक गुप्ता एड, संदीप रिछारिया, डा शशांक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, अजय अग्रवाल आदि हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जागरूक मतदाता ही करते हैं लोकतंत्र की स्थापना: लवलेश

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभास महासंघ ने जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता की अगुवाई में काशीराम नगर लोढवारा में संविधान पर चर्चा एवं मताधिकार पर नुक्कड सभा की।

रविवार को काशीराम कालोनी में सभा में बतौर मुख्य वक्ता प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का महत्व जानना जरूरी है। मजबूत लोकतंत्र की स्थापना जागरूक मतदाता ही करते हैं। भारतीय संविधान में वर्णित मूल




अधिकार संविधान के मूल्यों, समता, समानता, बन्धुत्व, न्याय एवं भाईचारा पर आधारित है। सभी को अपने सभी अधिकार जानने जरूरी हैं।

प्रभास महासंघ की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द मिश्रा ने कहा कि देश में जो बराबरी दिख रही है, वह भारतीय संविधान की बदौलत है। देश में फैली गैरबराबरी को खत्म करने को महिलाओं को शिक्षित एवं मजबूत होना होगा। महिलायें खुद को कमजोर न समझें। प्रत्येक सामाजिक कार्यों में बढ-चढकर हिस्सा लें। प्रभास महासंघ बांदा के जिलाध्यक्ष रोहित गुप्ता एवं वीरेन्द्र सिंह कछवाह ने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथ में है। युवा दुर्व्यसनों से दूर रहें। नवसृजन से जुडकर देश के विकास में भागीदार बनें। इस मौके पर शुभम गुप्ता, प्रेमप्रकाश, सुशील कुमार, राजनारायण साहू, लक्ष्मण पटेल, रामपाल कुशवाहा, केशरी गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### परिक्रमा मार्ग में सामान न रखें दुकानदार: ईओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 48वें अभियान में जिला प्रशासन के सहयोग से परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका कर्वी के ईओ रामअचल कुरील ने स्वच्छता के बाद आसपास के दुकानदारों को चेताया कि परिक्रमा मार्ग में अपना सामान न रखें। पर्वत की ओर कचरा न फेंके। पर्वत को साफ-सुथरा रखें। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने भी दुकानदारों से अपील किया कि बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को साफ-स्वच्छ पर्वत के दर्शन हों। इसके लिए सभी लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि कचरे को सही जगह निस्तारित करना सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार, कृष्णा शुक्ला, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अंकुर केशरवानी, शुभम, विवेक, जानकी प्रसाद, राजेन्द्र त्रिपाठी, सुमित आदि ने स्वच्छता में सहयोग किया।

# वीरान जंगल में तप करती मिली किशोरी

## चरवाहों की सूचना पर पहुंची पुलिस

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र के विंध्य पर्वत श्रंखलाओं से घिरे घनघोर जंगल के बीच अनुसुइया आश्रम के पास रामनगर के पहाड में एक पखवारे से सन्यासी की भांति तपस्या कर रही किशोरी की जानकारी चरवाहों से पुलिस को मिली तो आनन-फानन में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर किशोरी को लाने के तमाम प्रयास किये। किशोरी को लाने को तमाम मान-मनौव्वल करनी पडी। देर शाम पुलिस ने किशोरी को वन स्टाफ सेंटर के हवाले किया।

रविवार को बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव के पास रामनगर की पहाडी के शिखर पर एक पेड के नीचे लगभग 15 वर्षीय किशोरी एक पखवाडे से सन्यासी की भांति तपकर रही थी। चरवाहों ने देखा तो शनिवार को पीआरवी 112 को सूचना दी। पीआरवी टीम ने किशोरी को लाने के प्रयास किये। वह पुलिस के साथ आने को तैयार नहीं हुई। अपनी तपस्या में लीन रही। चरवाहों के मुताबिक किशोरी ओम नमः शिवाय का



जाप कर रही थी।

अनुसुइया आश्रम के पास मिली किशोरी के बारे में बहिलपुरवा थाना प्रभारी गुलाबचन्द्र सोनकर को जानकारी मिली तो वह महिला सिपाही व पुलिस बल के साथ देर शाम मौके पर पहुंचे। लखनपुर गांव के चरवाहों व ग्रामीणों को बुलाया। पर्वत के शिखर में जाकर किशोरी को काफी देर तक समझाया। किशोरी ने अपना नाम नहीं बताया, बल्कि पता के तौर पर प्रयागराज की बताया। मां का नाम लक्ष्मी व पिता का नाम विष्णु बता रही है। माता-पिता की आस्था में लीन होने की बात कह रही है। उसके पास पीने के पानी को एक बर्तन व ओढने को एक साल मिला है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि किशोरी के मूल निवास की जानकारी ली जा रही है, ताकि परिजनों को सूचना दी जा सके। यहां पहुंचने के कारणों की जानकारी को एएसपी को निर्देश दिये हैं। बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रयागराज, सतना व रीवां के थानों में गुमशुदगी की जानकारी ली जा रही है।

# सड़क सुरक्षा महाजागरूकता अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को किया जागरूक

**मथुरा। बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता** समिति रजि उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे महाजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सड़क सुरक्षा 2022 महाअभियान के अंतर्गत आज दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प मथुरा में वाहन स्वामियों को लिए एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में अतिथि के रूप में यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार रहे शामिल इस जागरूकता कैंप के माध्यम से लोगों से अनुरोध किया गया कि जब भी वह सड़क पर वाहन के साथ चलें तो यातायात नियमों के पालन करें जिससे सड़क दुर्घटना कम हो सके संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारे देश




में हर साल दो लाख लोग सड़क हादसों में मर जाते हैं ऐसा किसी के साथ ना हो उसके लिए पिछले 11 वर्षों से लोगों को सड़क हादसों से जागरूक कर रहे हैं उसके लिए लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहे हैं आज उसी के अंतर्गत यह कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप के माध्यम से जब भी हो टू व्हीलर चलाएं तो हेलमेट का इस्तेमाल करें और फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें जिससे लोगों की सड़क हादसों में जान नहीं जाए। आ अतिथि के रूप में कैंप में शामिल यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार ने कहा सड़क हादसों में ज्यादातर लोगों की जाने यातायात नियमों का पालन न करने से होती है इसलिए जब भी सड़क पर बहन के साथ चले तो यातायात नियमों का पालन करें जागरूकता कैंप में निदेशक नरेंद्र दीक्षित, मनोज कुमार, दीपक वर्मा, संजीव कुमार,हेमंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी वंशजों को किया गया सम्मानित

**अयोध्या। आजादी का अमृत** महोत्सव अन्तर्गत काकोरी बलिदानियों की स्मृति में देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों का सम्मान कमिश्नर अयोध्या मण्डल गौरव दयाल ने किया। इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में स्व.बाबू सर्व जीत लाल वर्मा के वंशज रणजीत लाल वर्मा,स्व. बाबू नारायण दास खत्री के वंशज पूर्व सांसद निर्मल खत्री,स्व. रमानाथ मेहरोत्रा के वंशज मनोज मेहरोत्रा,स्व.मन्नीलाल शुक्ला के वंशज रामकुमार शुक्ला, स्व.महावीर प्रसाद गुप्त बिगुलर के वंशज केशव बिगुलर, स्व. डा. सुरेन्द्र अग्रहरि के वंशज शिव मोहन, स्व.महबूब हुसैन खान के वंशज आलिया जुबेरी पू. सांसद, स्व. सीताराम सिंहके वंशज राजा पालसिंह, स्व. राजा राम मिश्र के वंशज विनीत मिश्र,का नाम प्रमुख रहा । सेनानी वंशजों को माला, पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, श्रीराम जी की मूर्ति, सम्मान पत्र, संस्कृति विभाग का विशेषांक, मिष्ठान व अन्यानेक सम्मान से विभूषित करने का काम ए. डी. एम. सिटी सलिल कुमार पटेल, सिटी मजिस्ट्रेट,जेल अधीक्षक डा. शशिकांत मिश्र, डिप्टी जेलर शुमरा अंसारी, प्रशासनिक अधिकारी संस्कृति विभाग राम तीरथ,राम कथा संग्रहालय उप निदेशक योगेश कुमार के सहयोग से अयोध्या मण्डल आयुक्त गौरव दयाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्कृति विभाग उद्घोषक विश्व प्रकाश ह्लरूपनह्ल की बहुत ही सुनियंतरित संचालन हेतु आयुक्त गौरव दयाल ने सराहना कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता,फैशन शो, प्रतियोगिता के विजेताओं का भी सम्मान किया गया । 15 से 19 दिसंबर तक काकोरी बलिदानियों के सम्मान में चलने वाले कार्यक्रम में जनपद वासियों को भी जेल स्थिति फांसी घर परिसर में आने व कार्यक्रमों , प्रदर्शनी आदि का आनंद लेने व शहीदों को नमन करने हेतु भी स्थानीय प्रशासन ने अनुरोध किया।

### राम पथ चौड़ीकरण मुवावजे में लेखपाल पर लगा क्षतिपूर्ति हड़पने का आरोप

**अयोध्या। राम**नगरी में राम पथ के चौड़ीकरण की जद में आने वाले दुकानों व मकानों के मालिकों के साथ राजस्व विभाग के लेखपाल और तहसीलदार उन्हें मिलने वाले मुआबजे में बड़ा खेल करने में जुटे है। जिसका खुलासा शुक्रवार को एक भूस्वामी द्वारा एसडीएम सदर को दी गयी शिकायत के बाद हुआ है। जिसमे शिकायत कर्ताओं ने संबंधित लेखपाल पर क्षतिपूर्ति का कागजात तो 17 लाख का बनाया गया लेकिन मुआबजा 2 लाख रुपए देने की बात की जा रही है। जिसको लेकर जमीन के मालिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों का दरवाजा खटखटाना शुरू कर दिया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लेखपाल सर्वा सिंह ने उनसे मात्र 5 लाख मुआवजा बनने की बात कहते हुए 1 लाख स्वयं लेने और 2 लाख मकान वालो को और 2 लाख भू स्वामी को नकद देने की बात कहते हुए हुए उनसे सरकारी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने का दबाब बनाया है। ऐसा न करने पर किसी और से हस्ताक्षर करवाने कर कागजी कोरम पूरा करने की भी धमकी दी है। जबकि भू स्वामी द्वारा पता करने पर जो जानकारी हुई वह काफी चौकने वाली है। जिसमे उस भूमि पर 17-17 लाख दो जगह मुआवजा तय किया गया है। शिकायत कर्ताओं का कहना है कि लेखपाल सर्वा सिंह मकान स्वामियों ताहिरा बेगम समरा बनो, मो0 इस्तियाक,मो0 मुस्ताक,रियाज अहमद,मो इरशाद, के साथ सांठगांठ करके उसके स्वामित्व वाली भूमि गाटा संख्या 111 मि0 क्षेत्रफल 1 बीघा 5 विस्वानसी में अधिग्रहित भूमि की क्षतिपूर्ति 35 लाख रुपये हड़प लेने के फिराक में है जोकि एक अपराध है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के मकसूमगंज गंज बाजार के पास एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसका शव सुबह सड़क के किनारे पाया गया है।सूचना पर पहुँची रौनाही पुलिस ने लाश को को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोहावल तहसील क्षेत्र के खिरौनी के मजरे भुलई का पुरवा निवासी बुधिराम पुत्र छुल्लुर जो कबाड़ी का काम करता है स कल घर से निकला और वापस नही आया।जिसकी लाश आज संदिग्ध परिस्थितियों में थाना क्षेत्र के मकसूमगंज के पास पाई गई।जानकारी मिली है उक्त अधेड़ नशे का आदी था।

## फाइनल में शांति का संदेश देना चाहते थे जेलेंस्की, लेकिन फीफा के जवाब ने कर दिया निराश

**कतर।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का फुटबॉल वर्ल्ड कप 2022 में शांति का संदेश देने वाला अनुरोध फीफा ने खारिज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की फाइनल शुरू होने से पहले कतर के स्टेडियम में प्रशंसकों को वीडियो के माध्यम से एक संदेश देना चाहते थे, लेकिन फीफा के जवाब से वे निराश दिखे। हालांकि, यूक्रेन और खेल के शासी निकाय के बीच बातचीत अभी भी जारी है। बता दें कि आज(18 दिसंबर) रात साढ़े आठ बजे से फ्रांस और अर्जेंटिना के बीच फाइनल खेला जाएगा।

**इससे पहले भी कई मंचों पर शांति की अपील कर चुके हैं जेलेंस्की**

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बार-बार सरकार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विश्व मंच पर शांति और सहायता की अपील की है, जिसमें इस्राइल की संसद, अमेरिकी सांसदों, ग्रैमी अवार्ड्स, कान फिल्म महोत्सव और जी20 शिखर सम्मेलन शामिल हैं। जेलेंस्की ने सीन पॉल और डेविड लेटरमैन सहित विभिन्न प्रकार के पत्रकारों और प्रसिद्ध मनोरंजनकर्ताओं के साथ साक्षात्कार और बातचीत भी की है।



**फीफा प्रमुख ने खेल में राजनीति को लाने पर जताई नाराजगी**

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खेल में राजनीतिक संदेश देना सही नहीं है। जियानी इन्फेंटिनो ने इस मामले को बढ़ाने के लिए यूरोप और पश्चिम को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे एक तरह का पाखंड बताया। बता दें कि इससे पहले भी एलजीबीटीक्यू लोगों का मुद्दा और प्रवासी श्रमिकों के साथ कतर के व्यवहार की आलोचना करने के लिए फीफा ने मंच नहीं दिया।

**फीफा ने खिलाड़ियों को भेदभाव-विरोधी आर्मबैंड पहनने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था**

फीफा ने खिलाड़ियों को इंद्रधनुष-थीम वाले भेदभाव-विरोधी आर्मबैंड पहनने पर भी प्रतिबंध लगा दिया और प्रशंसकों को खेलने और अन्य राजनीतिक संदेश देने वाली टीमों के अलावा झंडे दिखाने से रोक दिया। हालांकि, विश्व कप के आयोजकों ने फिलीस्तीनी ध्वज के लिए एक अपवाद बनाया है, जो मुख्य रूप से खेलों के दौरान प्रदर्शित किया गया है।

## सीआईए चीफ बोले- परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर पीएम मोदी की चिंताओं का रूस पर पड़ा असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख विलियम बर्न्स ने कहा है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चिंताओं का रूस पर असर पड़ा है। बर्न्स ने एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें लगता है कि यह बहुत उपयोगी रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग ने भी परमाणु हथियारों के उपयोग के बारे में अपनी चिंताओं को उठाया है। मुझे लगता है कि इसका रूस पर भी प्रभाव पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की रूस की योजनाओं के बारे में उन्हें कोई स्पष्ट सबूत नहीं दिख रहा है। बर्न्स का मानना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सिर्फ डराने के लिए यूक्रेन में युद्ध लड़ रहे हैं।



**पुतिन ने परमाणु युद्ध के खतरे को लेकर किया आगाह**

इससे पहले, पुतिन ने कहा कि यूक्रेन युद्ध अभी और लंबा खिंचने वाला है। उन्होंने परमाणु युद्ध के बढ़ते खतरे को लेकर भी आगाह किया। पुतिन ने क्रेमलिन में रूसी मानवाधिकार परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रूस सभी उपलब्ध साधनों से लड़ेगा। उन्होंने यूक्रेन युद्ध को एक विशेष सैन्य अभियान बताया।

**बचाव में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है रूस–** मीडिया रिपोर्ट के रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि विशेष सैन्य अभियान की लंबी प्रकृति और उसके परिणामों के संबंध में, निश्चित रूप से इसमें कुछ समय लगने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने स्पष्ट रूप से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का इनकार किए बिना कहा कि वह बचाव में रूसी परमाणु हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**रूस जवाबी हमला करता है–** पुतिन ने कहा कि रूस रणनीति के साथ जवाबी हमला करता है। उन्होंने कहा कि अगर रूस अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर विचार करता है, तो यह जवाबी हमला ही होगा। उन्होंने कहा कि जब हम पर हमला किया जाता है, तो हम प्रतिक्रिया में हमला करते हैं।

## घूस और मुफ्त सैर-सपाटे के बदले कतर की तारीफ कर रहे थे यूरोपीय सांसद, ऐसे हुआ खुलासा

**संयुक्त राष्ट्र।** फीफा विश्व कप को लेकर विवादों में घिरे कतर पर एक और खुलासा हुआ है। इस मामले में यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन सांसदों पर आरोप है कि कतर के अधिकारियों से रिश्वत लेकन उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कतर व मोरक्को को मानावधिकार, श्रम का कानूनों के उल्लंघन के मामलों में आलोचना से बचाया। इसमें सबसे अहम भूमिका इतावली नेता एंतोनियो पंजेरी की है। 2004 से 2019 के बीच यूरोपीय संसद के सदस्य रहे। पंजेरी के ब्रसेल्स स्थित घर से 600,000 यूरो मिले हैं। वहीं, संसद की उपाध्यक्ष ईवा कैली के पिता के घर से भी 600,000 यूरो नकद मिले हैं। कैली का दावा है कि उन्हें नहीं पता कि सूटकेस में क्या है, उन्हें यह पंजेरी ने दिया था। अब तक कुल 15 लाख यूरो बरामद हुए हैं। इसके अलावा पंजेरी की पत्नी और बेटी के शाही सैर-सपाटे के लिए 100,000 यूरो का भुगतान कतर की तरफ से किया गया। दावा है कि इस घूसकांड कई बड़े लोग शामिल हैं। एंतोनियो पंजेरी ने रचा पूरा जाल...2019 में संसद छोड़ने से ठीक पहले पंजेरी मोरक्को और अन्य अरब देशों जुड़े संसदीय समूह के अध्यक्ष थे। संसद से सेवानिवृत्त होते ही उन्होंने ब्रसेल्स में फाइट इंपुनिटी नाम से एक मानवाधिकार समूह की स्थापना की, जो बहुत जल्द ही यूरोपीय संसद से जुड़ा एक अहम गैर सरकारी संगठन बन गया। एनजीओ यूरोपीय संसद के लिए रिपोर्ट, दस्तावेज, नीतियां और कार्यक्रम तैयार करता था। पंजेरी के संगठन फाइट इंपुनिटी की ओर से जून 2022 में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में दुनियाभर के नेता शामिल हुए थे। समलैंगिकता और बीयर पर प्रतिबंध की वजह दुनियाभर में यह धारणा मजबूत हुई की कतर ने रिश्वतखोरी के जरिये ही वर्ल्ड कप आयोजन हासिल किया है। कैली ने कतर की श्रम अधिकारों के अग्रदूत के रूप में प्रशंसा की और अन्य साथियों से भी कम आलोचना करने को कहा। उन्होंने कतर को यूरोप की वीजा-मुक्त यात्रा वाले देशों में शामिल करने के पक्ष में भी मतदान किया। आरोपी एनजीओ फाइट इंपुनिटी का पता ब्रसेल्स का शाही महल और रुए डुकाले दिखाया गया है। इसी पते पर 12 और एनजीओ पंजीकृत हैं, जबकि मालिक ने किसी और एनजीओ को यह जगह दी थी।

## घर पर आग लगने से भारतीय-अमेरिकी उद्यमी की मौत

**ह्यूस्टन।** भारतीय-अमेरिकी उद्यमी तान्या बथिजा (32) और उनके डॉग की न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में डिक्स हिल्स कॉटेज में आग लगने से जलकर मौत हो गई। सफोल्क काउंटी पुलिस विभाग के मुताबिक यह हादसा 14 दिसंबर को हुआ। पुलिस के मुताबिक



दमकल विभाग ने जब तक आग पर पूरी तरह काबू पाया तब तक तान्या की मौत हो चुकी थी। सफोल्क पुलिस विभाग के प्रमुख केविन बेयरर ने कहा-तान्या बथिजा कार्ल्स स्ट्रेट पाथ पर अपने माता-पिता के घर के पीछे कॉटेज में रहती थीं। उन्होंने बताया कि बथिजा के पिता गोबिंद बथिजा आग लगी हुई देखकर कॉटेज की तरफ दौड़े और अपनी बेटी को बाहर निकालने की कोशिश लेकिन आग बुरी तरह फैल चुकी थी। डिक्स हिल्स में तान्या बथिजा जाना-पहचाना नाम थीं। वह सफल उद्यमियों में से एक थीं। उनका अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे किया जाएगा।

## ईरान में हिजाब का विरोध करने पर ऑस्कर विजेता फिल्म की अभिनेत्री तारानेह अलीदूस्ती गिरफ्तार

**काहिरा।** ईरान में ऑस्कर विजेता फिल्म 'द सेल्समैन' की अभिनेत्री तारानेह अलीदूस्ती को गिरफ्तार करने से हिजाब विरोधी प्रदर्शन और तेज हो गया है। अभिनेत्री पर देशभर में हिजाब के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया गया है।

एक हफ्ते पहले ही अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था। पोस्ट में विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से ढाए जा रहे जुल्मों के दौरान मारे गए एक व्यक्ति के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। उल्लेखनीय है कि सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन के चलते ईरान में फुटबॉलर, अभिनेता और तमाम लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अपनी पोस्ट में 38 वर्षीय अभिनेत्री अलीदूस्ती ने कहा- 'उसका नाम मोहसिन शेखरी था। हर अंतरराष्ट्रीय संगठन जो इस खूनखराबे को देख रहा है और कार्रवाई नहीं कर रहा है, वह मानवता के लिए शर्म की बात है।' अपनी पोस्ट में अभिनेत्री जिस शेखरी की बात कर रही थीं, उसको ईरानी अदालत द्वारा तेहरान में एक सड़क को अवरुद्ध करने और देश के सुरक्षा बलों के एक सदस्य पर चाकू से हमला करने के आरोप में 9 दिसंबर को मार दिया गया था। ईरान के सरकारी मीडिया के आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर जारी रिपोर्ट के अनुसार अलीदूस्ती को इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उसने अपने दावों के अनुरूप कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। काबिलेगौर है कि 16 सितंबर को 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद से ईरान विरोध प्रदर्शनों से हिल गया है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान सबसे बड़े जन विरोध का सामना कर रहा है।



**ईरान के सरकारी मीडिया के आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर जारी रिपोर्ट के अनुसार अलीदूस्ती को इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उसने अपने दावों के अनुरूप कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया।**

## आयरलैंड के दूसरी बार प्रधानमंत्री बने भारतीय मूल के लियो वराडकर

**लंदन।** आयरलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के लियो वराडकर को दूसरी बार चुना गया। आयरलैंड की संसद के निचले सदन डेल के विशेष सत्र के दौरान सांसदों ने माइकल मार्टिन की जगह लेने के लिए मतदान के जरिए वराडकर के नाम को मंजूरी दी। आयरलैंड के राष्ट्राध्यक्ष राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिंस की ओर से मंजूरी मिलने के बाद वराडकर की नियुक्ति की पुष्टि की गई।

आयरलैंड में साल 2020 में आम चुनाव हुए थे, जिसके बाद मार्टिन अपनी पार्टी फिएना फेल और वराडकर की पार्टी फिने गाइल के बीच हुए ऐतिहासिक समझौते के पश्चात मार्टिन देश के प्रधानमंत्री बने थे। इस समझौते के तहत तय हुआ था कि पांच साल के कार्यकाल के शुरुआती ढाई साल में मार्टिन देश के प्रधानमंत्री और वराडकर उप प्रधानमंत्री रहेंगे। इसके बाद दोनों एक दूसरे की जगह लेंगे। मार्टिन (61) ने सुबह प्रधानमंत्री पद से अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया। वराडकर (43) इससे पहले वर्ष 2017 से 2020 के बीच आयरलैंड के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वह देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने थे। वराडकर की मां का संबंध आयरलैंड, जबकि पिता का ताल्लुक भारत से है। वह आयरलैंड के पहले अश्वेत प्रधानमंत्री भी रहे हैं।



## मलेशिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हुई, 10 लापता

**बतांग काली।** मलेशिया की राजधानी कुआलालमपुर में एक पर्यटक शिविर स्थल क्षेत्र में हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई और 10 अन्य अभी भी लापता हैं। बचाव कर्मियों को एक मां और उसके बेटे का शव मिला। सेलांगोर राज्य के अग्निशमन प्रमुख नोराजम खामिस ने बताया कि दोनों शव मिट्टी और मलबे के एक मीटर नीचे दबे हुए पाए गए। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के दौरान ऐसे लोगों के बचने की उम्मीद है जो पेड़ पर या चट्टानों पर चढ़ गए हों और मलबे में दबने के बावजूद उन तक हवा पहुंच रही हो। हालांकि ऐसा होने की उम्मीद बेहद कम है। अधिकारियों ने बताया कि कुआलालंपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर मध्य सेलांगोर के बतांग काली में एक कैंपसाइट पर भूस्खलन हुआ जहां करीब 90 से अधिक लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि घटना के समय लोग सोए



हुए थे और उसी समय कैंपसाइट से लगभग 30 मीटर ऊंची सड़क से पर्यटक स्थल पर मिट्टी गिर पड़ी और लगभग तीन एकड़ जगह इसकी चपेट में आ गई। घटना में शामिल अधिकांश परिवार ऐसे थे जो साल के अंत में स्कूल की छुट्टी के दौरान छुट्टियों का आनंद ले रहे थे। शवों का पोस्टमार्टम कर रहे हैं और पीड़ितों की पहचान के लिए परिजनों की प्रतीक्षा कर रहे थे। 23 पीड़ितों में छह बच्चे और 13 महिलाएं शामिल हैं। बचावकर्ताओं ने कहा कि एक मां और उसकी छोटी बेटी गले लगाए हुए थी। सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और दर्जनों लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

## उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया प्रक्षेपण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने रविवार को बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया। यह जानकारी दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने दी है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्षेपण सुबह पूर्वी सागर में किया गया। मगर उत्तर कोरिया ने कहा है कि उसने तीन दिन पहले यह प्रक्षेपण किया। यह नये रणनीतिक हथियार के लिए ठोस-ईंधन मोटर का परीक्षण था। यह विकास अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाने में सक्षम है। इस उत्तर कोरिया अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंच सकता है। गौरतलब है कि हाल के महीनों में उत्तर कोरिया परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों के एक बैराज का परीक्षण कर चुका है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया अंततः संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिबंधों से राहत और अन्य रियायत लेने के लिए शस्त्रागार का उपयोग कर सकता है।



## पाकिस्तान में आतंकी हमले में 4 पुलिसकर्मियों की मौत, 4 जख्मी

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक पुलिस थाने पर रविवार को हुए आतंकी हमले में चार चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। हमले की किसी भी आतंकी समूह ने अभी जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने बताया कि सीमावर्ती लकी मरवत के बरगई पुलिस स्टेशन पर आतंकियों ने हमला किया। आतंकियों के पास हथगोले और रॉकेट लांचर सहित घातक हथियार थे। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आतंकी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने संदिग्ध आतंकियों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान चलाया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बिलावल भुट्टो के बाद अब शाजिया मर्री ने दी भारत को एटम बम की धमकी

**कराची।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बाद अब वहां की एक और मंत्री शाजिया मर्री ने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए एटम बम की धमकी दी है। शाजिया ने कहा कि पाकिस्तान ने खामोश बैठने के लिए परमाणु बम नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से पाकिस्तान पर किसी भी तरह की कार्रवाई की गई तो उसका जवाब देना हमारा मुल्क जानता है।

बिलावल भुट्टो के समर्थन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शाजिया मर्री ने कहा कि पाकिस्तान वो मुल्क नहीं जो एक थप्पड़ के जवाब में दूसरा गाल आगे करेगा। पाकिस्तान को अगर थप्पड़ पड़ेगा तो पाकिस्तान उसका जवाब भी थप्पड़ से ही देगा। उन्होंने आगे कहा कि हम भारत के खिलाफ कोई शिकायत नहीं कर रहे हैं बल्कि हिंदुस्तान में जो मौजूदा नरेन्द्र मोदी की सरकार है उसके खिलाफ हमारी शिकायत है। उन्होंने कहा कि आप बार-बार पाकिस्तान के खिलाफ इल्जाम लगाते रहेंगे और पाकिस्तान चुपचाप सुनता रहेगा तो ऐसा नहीं होने वाला है। शाजिया ने मोदी सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि सुधर जाओ, बिलावल भुट्टो के पुतले जलाने की धमकी दे रहे हो, जबकि तुम्हारे तो खुद के पुतले हिंदुस्तान में जल रहे हैं।



शाजिया मर्री ने मोदी सरकार को धमकाते हुए कहा कि अगर मोदी सरकार लड़ेगी तो फिर वो जवाब सुनेगी। हमको जो न्यूक्लियर स्टेट का दर्जा मिला है, वो खामोश रहने के लिए नहीं मिला है। पाकिस्तान जवाब देना भी जानता है। उन्होंने कहा, 'अगर भारत का कोई भी मिनिस्टर किसी भी फोरम पर मोदी सरकार के बिनाह पर इतना अंधा हो जाएगा कि वो ये नहीं सोचेगा कि वो एक न्यूक्लियर मुल्क पाकिस्तान के लिए उल जलूल बक सकता है तो ये उसकी अति है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अमनपसंद है और किसी भी देश से जंग नहीं चाहता।

## पहली बार मिले दो ऐसे बाह्यग्रह जिनमें पानी की संभावना, जीवन होने की जगी उम्मीद

**वाशिंगटन।** नासा के वैज्ञानिकों को पहली बार दो ऐसे बाह्यग्रह मिले हैं, जिनमें भरपूर मात्रा में पानी हो सकता है। इससे यहां जीवन होने की भी उम्मीद जगी है। केप्लर-138सी और केप्लर-138डी नाम के ये ग्रह लाल बौने तारे के पास स्थित हैं। आकार में पृथ्वी से डेढ़ गुना बड़े ग्रहों की दूरी 218 प्रकाश वर्ष है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इनकी संरचना के अधिकांश हिस्से में तरल और वो भी पानी हो सकता है। केप्लर-138सी और केप्लर-138डी को हबल और स्पिट्जर टेलीस्कोप की मदद से खोजे गए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है, पृथ्वी के बाहर जीवन की संभावनाओं की तलाश में यह खोज महत्वपूर्ण हो सकती है। इन ग्रहों पर पानी की उपस्थिति की खोज सीधे तौर पर नहीं की गई है। जब शोधकर्ताओं ने आकार और भार के ग्रहों के प्रतिमानों से तुलना की तो वे इस नतीजे पर पहुंचे कि इस ग्रह का करीब 50फीसदी हिस्सा ऐसे पदार्थ से बना है जो पत्थर से हल्का है, लेकिन हाइड्रोजन-हीलियम से भारी है।